कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 336, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 05 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## संसद की सुरक्षा में सेंध: नीलम के परिजनों को एफआईआर की प्रति देने पर अब 25 को सुनवाई

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की आरोपित नीलम के परिजनों को एफआईआर की प्रति देने के पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने इस मामले पर अगली सुनवाई 25 जनवरी को करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने 22 दिसंबर, 2023 को एफआईआर उपलब्ध कराने के पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने नीलम आजाद को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। 21 दिसंबर को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को निर्देश दिया था कि वो आरोपित नीलम के परिजनों को एफआईआर की प्रति 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराए। नीलम के वकील ने कहा था कि जांच अधिकरी से हमने एफआईआर की प्रति मांगी तो जांच अधिकारी ने अदालत में अर्जी दाखिल करने के लिए कहा था।

## महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए सांसद बृजभूषण सिंह

**नई दिल्ली**

महिला पहलवानों के यौन शोषण प्रकरण में आरोप तय करने के मामले में गुरुवार को भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश नहीं हुए। आज दिल्ली पुलिस की ओर से आंशिक दलीलें रखी गईं। आरोप तय करने के मामले पर अब 6 जनवरी को सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान बृजभूषण सिंह की ओर से पेश वकील राजीव मोहन, ऋषभ भाटी और सचित शर्मा ने पेशी से छूट की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान इस मामले के सह-आरोपित विनोद तोमर मौजूद थे।

# केप टाउन में टूटा साउथ अफ्रीका का घमंड

## भारत ने केपटाउन टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराया, दो मैचों की श्रृंखला में की 1-1 से बराबरी

**केप टाउन**

भारत ने यहां खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। इसी के साथ भारतीय टीम केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट में हराने वाली पहली एशियाई टीम भी बन गई। मोहम्मद सिराज को पहली पारी में उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सिराज ने पहली पारी में 15 रन देकर 6 विकेट लिये थे। इसके अलावा डीन एल्गर और जसप्रीत बुमराह को संयुक्त रुप से मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। यह मैच केवल 642 गेंदों तक चला और बॉल के हिसाब से सबसे छोटा मैच भी बन गया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 1932 में बॉल के हिसाब से सबसे छोटा टेस्ट मैच खेला गया था, जो 656 गेंदों तक चला था। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने पारी व 72 रन ने जीता था विशाल अंतर से जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में पहली पारी में 36 और दूसरी पारी में 45 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 153 रन बनाए थे। इस मुकाबले में 109.2 ओवर फेंके गए थे। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 55 रनों पर सिमट गई थी, जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 153 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 98 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका ने 176 रन बनाए और भारत के सामने 79 रनों का लक्ष्य रखा। 79 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने तेज और सधी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट में टी-20 की तरह बल्लेबाजी की और 5.3 ओवर में 44 रन जोड़ दिये। हालांकि छठे ओवर में नांद्रे बर्गर ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। यशस्वी ने 23 गेंदों पर 6 चौकों की बदौलत 28 रन बनाए।



### केप टाउन में सातवीं बार में मिली जीत

**केप टाउन में** इससे पहले खेले गए 6 टेस्ट मैच में भारत ने दो मैच ड्रा करवाए थे जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा था। 1993 में मोहम्मद अजहरुद्दीन और साल 2011 में एमएस धोनी के नेतृत्व में भारत टेस्ट मैच ड्रा करवाने में सफल रहा था। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली की कप्तानी में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। रोहित ने यहां मैच जीतकर इतिहास रच दिया। गौरतलब हो कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत का मतलब यह भी है कि भारत ने घर से दूर एएठअ देशों के खिलाफ लगातार पांच टेस्ट मैच हारने का अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### द. अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 176 रन बनाए

नौवें ओवर में 57 के कुल स्कोर पर रबाडा ने शुभमन गिल को बोल्ड कर भारत को दूसरा झटका दिया। गिल ने 11 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 10 रन बनाए। 12वें ओवर में 75 के कुल स्कोर पर मार्को यान्सन ने विराट कोहली को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। कोहली ने 12 रन बनाए। यान्सन के इसी ओवर के आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर ने चौका लगाकर भारत को ऐतिहासिक जीत दिला दी। कप्तान रोहित शर्मा 17 और अय्यर 04 रन बनाकर नाबाद लौटे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा, नान्द्रे बर्गर और मार्को यान्सन ने 1-1 विकेट लिया।



**दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 176 रन बनाए, मार्करम का शतक, बुमराह ने झटके 6 विकेट**

इससे पहले एडन मार्करम (106) के शानदार शतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 176 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर 98 रन से पीछे रही दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरूआत पहली पारी से थोड़ी बेहतर रही। सलामी बल्लेबाज एडन मार्करम और कप्तान डीन एल्गर ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े।

### केप टाउन में सिर चढ़कर बोला बुमराह का जादू




**नई दिल्ली**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच केप टाउन के न्यूलैंड में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन ही दोनों टीमों की पहली पारी खत्म हो गई। ऐसे में दोनों टीमों के नाम कई शमार्नाक रिकॉर्ड दर्ज हुए।

**बुमराह ने लिए 6 विकेट**

इस बीच दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार 6 विकेट अपने नाम किए हैं। भारत ने पहली पारी में 153 रन बनाए थे। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरी पारी में 176 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

**विकेट के साथ हुई दूसरे दिन की शुरूआत**

बुमराह ने दूसरे दिन की शुरूआत विकेट के साथ की और डेविड बेडिंघम के रूप में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट चटकाया। उन्होंने वेडिंघम को 11 रन पर पवेलियन भेजा। इसके बाद बुमराह ने काइल वेरेनी, मार्को यानसेन, केशव महाराज और लुंगी एनगिडी को पवेलियन भेजा। इससे पहले बुमराह ने पहले दिन स्टंप्स तक ट्रिस्टन स्टब्स का विकेट अपने नाम किया था।

**बुमराह ने रचा इतिहास-**

ऐसे में अब बुमराह केपटाउन के न्यूलैंड्स में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने लुंगी एनगिडी का विकेट लेकर घरेलू टीम की पारी को समाप्त किया।

## केजरीवाल ईडी से डर रहे हैं या देश के नियम कानून से ऊपर हैं : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समन की अनदेखी करने और दिल्ली सरकार के मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों के साथ बातचीत में अनुराग ठाकुर ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या अरविंद केजरीवाल देश के नियम कानून से ऊपर हैं? वह ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं? अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल को कट्टर भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि राजनीति में आने से पहले कट्टर ईमानदारी की डींगें हांकने वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार आज सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी और सरकार के रूप में सामने आई है। इनके एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। इन्होंने जिसको कट्टर ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा, उनमें से एक को भी कोर्ट से जमानत नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल आज लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले, अराजकता और भ्रष्टाचार फैलाने वाले और संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाने वाले नेता के तौर पर प्रसिद्ध हो चुके हैं।



## राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल कर किया गया 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल दिया है। अब यह यात्रा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से जानी जाएगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने आज की बैठक में तय किया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 6700 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर यात्रा बस से की जाएगी। यात्रा के दौरान कुल 110 जिलों को कवर किया जाएगा। इस दौरान 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा सीटों से यात्रा होकर गुजरेगी। इस यात्रा में 67 दिन लगने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान सबसे अधिक समय उत्तर प्रदेश में गुजारेंगे। यहां यात्रा 11 दिनों तक चलेगी और इस दौरान करीब 20 जिलों को कवर करने की योजना है। रमेश ने कहा कि मणिपुर में कुल 107 किलोमीटर की यात्रा होगी। जो चार जिलों से यात्रा होकर गुजरेगी। नगालैंड में दो दिन यात्रा चलेगी। असम में 8 दिन में 17 जिलों से यात्रा गुजरेगी। अरुणाचल प्रदेश में राहुल गांधी यात्रा के दौरान एक दिन बिताएंगे और इस दौरान एक जिले की यात्रा करेंगे।



## सैन्य हथियारों की खरीद के लिए 802 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हुए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली**

रक्षा में आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को 697 बोगी ओपन मिलिट्री वैगन और 56 मैकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग इक्विपमेंट मार्क क्कके लिए कुल 802 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इन सभी सैन्य हथियारों का उत्पादन स्वदेशी उद्योग में उपकरणों और उप-प्रणाली के साथ किया जाएगा, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करते हुए स्वदेशी विनिर्माण और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड के साथ 473 करोड़ की लागत से 697 बोगी ओपन मिलिट्री (बीओएम) वैगनों की खरीद और बीईएमएल लिमिटेड के साथ 56 मैकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग इक्विपमेंट (एमएमएमई) मार्क क्क की खरीद के लिए 329 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। बीओएम वैगन और मैकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग इक्विपमेंट का उत्पादन स्वदेशी निमार्ताओं से प्राप्त उपकरणों और उप-प्रणाली के साथ किया जाएगा, जिससे सरकार का 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण साकार होगा। साथ ही स्वदेशी विनिर्माण और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑगेर्नाइजेशन (आरडीएसओ) के डिजाइन किए गए बोगी ओपन मिलिट्री (बीओएम) वैगन भारतीय सेना की इकाइयों को संगठित करने के उपयोग में आते हैं। बीओएम वैगनों का उपयोग हल्के वाहनों, आर्टिलरी गन, बीएमपी, इंजीनियरिंग उपकरण आदि को शांतिकालीन स्थानों से परिचालन क्षेत्रों तक ले जाने के लिए किया जाता है।

## खूंखार आतंकी जावेद मट्टू गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हिज्बुल मुजाहिदीन के खूंखार और वांछित आतंकवादी जावेद मट्टू गिरफ्तार किया है। जावेद मट्टू जम्मू-कश्मीर में 11 आतंकवादी हमलों में वांछित था और उस पर 10 लाख से अधिक का इनाम था। दिल्ली पुलिस के विशेष सेल ने मट्टू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक 9 एमएम स्टार पिस्तौल, 6 जिंदा कारतूस, एक अतिरिक्त



मैगजीन और एक चोरी की कार बरामद की गई है। वह जम्मू-कश्मीर में 5 ग्रेनेड हमलों में शामिल था। पांच पुलिस कर्मियों की हत्या और दर्जनों पुलिस कर्मियों और आम नागरिकों को घायल करने में भी शामिल था। उसकी सोपोर (जम्मू-कश्मीर) में हुए एक आईईडी विस्फोट में संलिप्तता थी। दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि जावेद अहमद मट्टू उर्फ इरसाद अहमद मल्ला उर्फ एहसान (32) सोपोर, जिला बारामूला का एक कॉलेज ड्रॉपआउट है। वह उत्तरी कश्मीर, विशेषकर सोपोर के इलाके में सक्रिय हिज्बुल मुजाहिदीन के सात खूंखार आतंकवादियों के गिरोह का सदस्य है। वह ए श्रेणी का आतंकवादी है और पिछले 13 वर्षों सुरक्षा बलों की पकड़ से बचता रहा है। वर्तमान में वह एक-श्रेणी का जम्मू-कश्मीर से जुड़ा एकमात्र जीवित आतंकवादी है।

## कैट ने पीएम से ई-कॉमर्स नीति और नियम को लागू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ई-कॉमर्स नीति और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया। कैट ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर इन नियमों को जल्द लागू करने की मांग पहले कर चुका है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को जारी एक बयान में कुछ मीडिया रिपोर्टों के हवाले से कहा, यह पता चला है कि ई-कॉमर्स नीति और नियम दोनों ही प्रधानमंत्री की अप्रूवल के लिए लंबित है। खंडेलवाल ने कहा कि इसलिए देशभर के कारोबारी प्रधानमंत्री से इन नियमों के अप्रूवल किए जाने का इंतजार कर रहे हैं, जो व्यापार और देश के व्यापक हित में आवश्यक है।

# अश्विनी वैष्णव और धर्मेंद्र प्रधान समेत कई दिग्गज नेता

**नई दिल्ली**

**पांच राज्यों में** हुए चुनाव के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर चल रही है। भाजपा और कांग्रेस समेत सभी बड़ी पार्टियां अपनी-अपनी जीत के लिए हर तरह का दांव खेलने को तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले इस साल राज्यसभा से 68 सदस्य रिटायर होंगे, ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने नेताओं को सदन में फिट करने की जुगत में लग गई है।

**रिक्तियों को लेकर लॉबिंग शुरू**

इस साल राज्यसभा के 68 सदस्य सेवानिवृत्त होंगे, इनमें नौ केंद्रीय मंत्री भी शामिल है। राज्यसभा सदस्यों के सेवानिवृत्त होने के साथ राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच रिक्तियों को लेकर लॉबिंग शुरू हो गई है। 68 रिक्तियों में से दिल्ली में आप नेता संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता 27 जनवरी को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। सिक्किम में एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए भी चुनाव होगा। एसडीएफ सदस्य हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे।



**ये दिग्गज नेता अप्रैल में होंगे सेवानिवृत्त**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेता अप्रैल में अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10 सीटें रिक्त होंगी, इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार (छह प्रत्येक), मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल (पांच प्रत्येक), कर्नाटक और गुजरात (चार प्रत्येक), ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश ( तीन-तीन), झारखंड और राजस्थान (दो-दो), और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ (एक-एक) और चार मनोनीत सदस्य जुलाई में सेवानिवृत्त होंगे। हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए दोबारा नामांकन के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपने गृह राज्य से बाहर सीट तलाशनी होगी क्योंकि वहां कांग्रेस सत्ता में है। कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना से भी अपने उम्मीदवारों को संसद के उच्च सदन में भेजने की तैयारी कर रही है। कर्नाटक में चार और तेलंगाना में तीन राज्यसभा सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में मनमोहन सिंह और भूपेन्द्र यादव (राजस्थान), अश्विनी वैष्णव, बीजद सदस्य प्रशांत नंदा और अमर पटनायक (ओडिशा), भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड), मनसुख मांडविया और मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला, कांग्रेस सदस्य नारणभाई राठवा और गुजरात से अमी याग्निक शामिल हैं।

# कोहरे की धुंध ने मौसम का बिगाड़ा मिजाज, जनजीवन अस्त-व्यस्त



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** बुधवार सुबह से ही लगातार वर्षा के कारण गुरुवार को भी दिनभर कोहरा छाया रहा। जिससे आम आदमी की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो गई। वहीं पर गुरुवार की सुबह हल्की वर्षा होने के कारण तापमान में गिरावट होने के कारण लोग ठंड से सिकुड़ते रहे। कोहरे की धुंध से मौसम का मिजाज बिगड़कर जनजीवन प्रभावित हो गया। इसके अतिरिक्त सड़क पर चल रहे वाहन एक दूसरे की कतारबद्ध होकर चलते रहे।वहीं पर माल वाहक ट्रक कोहरे के धुंध होने के कारण सड़क के किनारे खड़े होकर उजाले का इंतजार करते रहे। उजाला होने पर वे अपने गंतव्य को रवाना हुए।

## भीषण ठंड के बावजूद स्थानीय बाजारों में नहीं जले अलाव

मांडा। क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की जा सकी जिससे सड़क पर चलने वाले राहगीर व यात्री ठंड से ठिठुरते रहे। लोग ठंड से राहत पाने वाले चाय बिक्रेताओं की दुकान के पास खड़े चाय पीकर शरीर में गर्मी लाते दिखे। मांडा खास कालीं माँ के चौराहे पर प्रतिदिन दूर दराज से पहुंचने वाली यात्री बसों से उतर अपने गन्तव्य स्थानों को जाते हैं। अलाव न जलने से लोग ठंड से ठिठुरते रहे। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के विभिन्न बाजारों के चौराहों पर अलाव जलाने के लिए शासन से एक मुश्त धन मिला है, अलाव जलवाने की जिम्मेदारी तहसीलदार को दी गई है, लेकिन तहसीलदार अपने इस जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर सके। व्यापार मंडल के मंडल महामंत्री रमा शंकर प्रजापति ने बताया कि मांडा खास बाजार में किसी स्थान पर अलाव नहीं जलाया जा सका।

## लाला लक्ष्मी नारायण स्मारक क्रिकेट के फाइनल में सिरसा की टीम ने मारी बाजी

### पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया ने विजेता एवं उपविजेता टीम को किया सम्मानित



**मेजा।** लाला लक्ष्मी नारायण स्मारक क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मैच में बृहस्पतिवार को सिरसा की टीम करछना को कड़ी टक्कर देते हुए ट्राफी अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि फाइनल मैच में टॉस जीतने के बाद करछना टीम के कैप्टन कामेश द्विवेदी ने सर्व प्रथम बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 16 ओवर में 102 रन बनाया जवाब में सिरसा की टीम केवल नौ ओवर में ही मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। मैच में बतौर मुख्य अतिथि रही मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजक मंडल संजय यादव संचालक शैलेश पांडेय पूर्व प्रधान दीघिया राहुल दुबे चेयरमैन सिरसा लखन केशरी विकास राहुल मिश्र के अलावा हजारों दर्शक मुख्य रूप से मौजूद रहे

## न्यूज झरोखा

### ग्राम पंचायत भटपुरा-लालापुर में मनकामेश्वर क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला रहे



**लालापुर।** ग्राम पंचायत भटपुरा-लालापुर में मंगलवार से मनकामेश्वर क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला रहे एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय,रमाशंकर तिवारी, सुरेंद्र पाण्डेय, अरुण मिश्रा, अजय मिश्रा रहे। भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला ने टूनार्मेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि क्रिकेट एक उत्साह पूर्वक खेले जाने वाला खेल है, जिसमें जरूरत के अनुसार नए-नए परिवर्तन भी होते रहे हैं और आज इन्हीं परिवर्तनों के तहत टेस्ट मैचों की जगह पर एक दिवसीय क्रिकेट मैच अधिक लोकप्रिय बन गया है। क्रिकेट की अनेक विशेषताएं होती हैं। खेल के भाव से खेल को खेलना, जीत-हार को छोडकर खेल की कला का आनन्द लेना, खेल में भ्रातृभाव अथवा जीवन के श्रेष्ठ गुणों का आभास क्रिकेट के मैदान में पाया जाता है। मनकामेश्वर क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का पहला मैच चिल्ला और नागनपुर के बीच खेला गया, जिसमें नागनपुर टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।क्रिकेट टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने दोनों टीमो का उत्साह बर्धन किया।इस दौरान भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### खनन निरीक्षक ने बालू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को किया सीज

**लालापुर।** क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ओवर लोड ट्रैक्टर परिवहन की सूचना पर मंगलवार की शाम खनन निरीक्षक वैभव सोनी ने लालापुर इलाके में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की जांच के लिए निकले तो इसी बीच क्षेत्र के अमिलिया तरहार नहर के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली में बालू लादकर निकलता दिखा। निरीक्षक वैभव सोनी ने ट्रैक्टर को रोककर बालू परिवहन करने का प्रपत्र मांगा तो चालक कुछ नही दिखा पाया । निरीक्षक ने लालापुर पुलिस को बुलाकर ट्रैक्टर को सुपुर्द कर मुकदमा दर्ज करते हुए ट्रैक्टर को सीज करने के लिए दे दिया । पुलिस ने ट्रैक्टर को सीज कर दिया। खनन की इस कार्रवाई से इलाके के बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है ।

### लेखपाल पद पर चयन होने पर, परिजनों एवं क्षेत्र में हर्षोल्लास



**जंघई।** भूलेंद्र, जंघई गांव निवासी विकास कुमार मिश्र पुत्र अविनाश कुमार मिश्र अध्यापक विज्ञान एआरपी बेसिक शिक्षा परिषद का चयन लेखपाल पद पर होने पर परिजनों एवं रिश्तेदारों तथा ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है सभी ने विकास को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। विकास की शिक्षा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड से, बी-टेक, बीएड बनारसी दास लखनऊ से हुई है। विकास ने सीटेट, टेट, पेट की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। विकास प्रारंभ से ही पढ़ाई लिखाई में होनहार बिरवान एवं निपुण हैं। विकास के लेखपाल पद पर चयनित होने पर दादा रमाशंकर मिश्र, माता पुष्पा मिश्र, चाचा अरुण कुमार मिश्र, भाई आकाश, अनिरुद्ध, विशाल एवं गांव के अरुण मिश्र, रिंकू मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, योगेश मिश्र, विपिन मिश्र, राजू मिश्र, बाबा मिश्र, सुशील मिश्र, संजय मिश्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए विकास मिश्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया है।



## नाली निकासी न होने से ग्रामीणों की बढ़ी समस्याएं हुए आक्रोश

**सिरसा।** विकास खण्ड मेजा के डेलौंहा गांव के जानकीगंज निवासी दर्जनों ग्रामीण पीडब्ल्यूडी विभाग के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं, जबकि विभाग बेपरवाह बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में शासन, प्रसाशन और सरकार के प्रति आक्रोशित देखने को मिला। मामले में भुक्तभोगी ग्रामीण अशोक केसरी, राजू केसरी, मिश्री लाल,पिंटू प्रजापति आदि ने बताया कि बस्ती में पानी की निकासी के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बीच सड़क से पाइप डाल दिया गया था, लेकिन जल निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया। जिसका खामियाजा बस्ती केएच लोग भुगत रहे हैं। बताया कि हल्की बारिश में भी जल जमाव हो जाता है और घरों में प्रवेश करने लगता है। बताया कि बरसात के दिनों में समस्या और बढ़ जाती है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए कई शिकायत की गयी, लेकिन समस्या जस की तस्वीर बनी हुयी हैं। गांव के राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि इन्हीं परेशानियों को देखते हुए तहसील समाधान दिवस पर अधिकारियों को अवगत कराया गया। बताया कि उसे समय विभाग के जेई द्वारा नाली निर्माण का आश्वासन दिया गया, जो अभी तक सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात पाने की गुहार लगायी है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अक्षत वितरण कार्यक्रम महरछा में



**जंघई।** राम मंदिर में रामलला के 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए घर घर अक्षत वितरण कार्यक्रम रधईपुर महरछा गांव में किया गया। अक्षत वितरण अभियान मकर संक्रांति तक देश भर में चलेगा घर-घर अक्षत बांट कर सभी से 22 जनवरी को अपने क्षेत्र, गांव, मोहल्ले के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने का आह्वान किया जा रहा है। गाजे-बाजे व जय श्रीराम के उद्घोष के साथ घर-घर जाकर अक्षत, मंदिर का सूचना पत्रक व रामलला का चित्र दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में चल रहे इस कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं। महरछा गांव में अक्षत वितरण कार्यक्रम विमलेश पटेल चेयरमैन केंद्रीय उपभोक्ता भंडार प्रयागराज, कौशाम्बी के नेतृत्व में किया गया जिसमें राजा मौर्या जिला कार्यसमिति भाजयुमो गंगापार, उदयवीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देवेंद्र सिंह विहिप, बृजेश यादव बजरंग दल, आशीष शुक्ला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शुभम, लालजी, मयंक, उत्कर्ष, विद्यामणि तिवारी, कृष्णा, मुरारी, अभिषेक त्रिपाठी, आयुष, प्रभात, शिवम् आदित्य, शिवांग, नितिन, गोरे तिवारी, अवधेश, सुनील तिवारी, दशरथ, विकास पांडेय आदि मौजूद रहे।

### यमुनापार के भाजपाइयों ने श्रीराम जन्मभूमि से आए अक्षत पूजित कर निकाली शोभायात्रा



**करछना।** भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद कुमार प्रजापति द्वारा भीरपुर मंडल में श्रीराम की जन्मभूमि से आए पूजित अक्षत, पत्रक व श्रीराम मंदिर का आमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाने से पूर्व शोभायात्रा में कलश का पूजन कर शोभायात्रा निकाल शामिल हुए। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि श्री कृष्णा इंटर कॉलेज भीरपुर से शिव भोला मंदिर डीहा घाट तक यात्रा मंडल अध्यक्ष भीरपुर प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में चली। 15 जनवरी तक घर-घर आमंत्रण पहुंचाने व 22 जनवरी 2024 को घरों मंदिरों में दीपावली जैसे दीपोत्सव करने का अनूरोध करेंगे। इस अवसर पर करछना प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट,जिला उपाध्यक्ष जयसिंह पटेल,बृजेश पांडेय ,राम भवन त्रिवेदी,डॉ. भगवत पांडेय,राजकुमार मिश्रा,राम मोहन द्विवेदी,सुनील प्रजापति,अनुज पांडे,अमन मिश्रा आदि शोभायात्रा में सम्मिलित रहे।

### 22 जनवरी को घर घर दीप जलाएं और मनाएं खुशी : अभिषे यादव



**मऊआइमा।** आगामी 22 जनवरी को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा घर घर दीप प्रज्ज्वलित कर खुशी मनाने की अपील की है। मऊआइमा के विश्व हिन्दू परिषद् के अभिषेक यादव, चन्द्र सेन,अजय अग्रहरि, संदीप,कमला बहरिया, अशोक केसरवानी,अशोक विश्वकर्मा, ऋषि बीडीसी, अश्वनी कुमार आदि मऊआइमा के दर्जनों गांवों में भ्रमण कर लोगों का आह्वान किया।

### श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम पूजित अक्षत, कलश यात्रा आरा खंड में निकाली गई



**प्रतापपुर।** प्रखंड प्रतापपुर गंगापार के आरा खंड में जनुआडीह ग्राम कालू महादेव मंदिर से फतेहपुर बाजार होते हुए आरा ग्राम सभा के शिव मंदिर तक श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम से पूजित अक्षत, कलश यात्रा निकाल कर क्षेत्र के प्रत्येक परिवार में अक्षत वितरण करने का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में खंड संचालक हृदय नारायण मिश्र, जिला पंचायत सदस्य अरविंद विश्वकर्मा, जिला प्रचार प्रमुख संजय, जिला सह कार्यवाह अखिलेश, विहिप सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी, जिला विहिप बलोपासना प्रमुख देवेंद्र सिंह, खंड कार्यवाह रमेश तिवारी, खंड विस्तारक उदयवीर, खंड सह कार्यवाह रितेश, मंडल कार्यवाह धर्मेंद्र, सुधीर गुप्ता, अनुपम, अतुल, उत्कर्ष आदि के साथ क्षेत्र के सम्मानित क्षेत्रवासियों के साथ प्रखंड उपाध्यक्ष बृजेश यादव शेरा विश्व हिन्दू परिषद प्रतापपुर इस यात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र राममय होकर जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा। जिससे क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रत्येक परिवार में अक्षत वितरण कार्यक्रम पूरे विश्व में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अनवरत चलता रहेगा।

## खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश





**मांडा।** विकास खण्ड मांडा क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को जफरा में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग प्रयागराज के तत्वाधान में "ग्रामीण खेल लीग" का खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वहीं ग्राम प्रधान साड़ी संजय यादव ने खेल कूद मैदान का विधि विधान से पूजा अर्चन कर खेल शुभारंभ किया। जिसमे बरहा कला, जफरा, साड़ी, मांडा, बभनी, बामपुर, महेवा, मांडा रोड, टिकरी, खपर कुचवा राजपुर, पयागपुर, रामपुर, हाटा आदि गांव के खिलाड़ियों ने कबड्डी, बाली बॉल, तीन हजार मीटर, पन्द्रह सौ मीटर, तीन सौ मीटर, दो मीटर व सौ मीटर दौड़, लम्बी, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक में प्रतिभाग लिया। जहां कि उपरोक्त खेल कूद में छात्राएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अच्छा प्रदर्शन रहा। वहीं उमान गांव का दस वर्षीय टुल्लू पाल सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है । खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खुरमा ग्राम प्रधान समर बहादुर ने खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर बताया कि खेल कूद से सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास खण्ड मांडा प्रज्ञात,सिलवंत कोटेदार, संतोष गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, महेन्द्र भारतीया आदि सैकड़ो सम्मानितागण मौजूद रहे।खेल कूद के कप्तान फुर्ती लाल, कौशलेश आदिवासी व व्यवस्थापक नेब्बू लाल पटेल, सुरेन्द्र कुमार संचालन सचिन यादव ने किया।

### जलालपुर मुतफर्का कंपोजिट विद्यालय में संसाधन की कमी, बीएसए को लिखा पत्र

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय जलालपुर मुतफर्का में सुविधाओं की कमी एवं अव्यवस्थाओं को लेकर एडवोकेट पुष्पराज भास्कर द्वारा शिकायत पत्र बीएसए, एबीएसए को लगातार दिया जा रहा है और विद्यालय में और संसाधनों की उपलब्धता की मांग की जा रही है। सत्र 2021-22 में विद्यालय में कुल विद्यार्थियों की संख्या 501 थी और सत्र 2022-23 में विद्यार्थियों की संख्या 457 है और विद्यालय में कमरों की संख्या केवल 8 है एक कमरे की क्षमता मात्र 30 से 40 बच्चों की है। जिस कारण कक्षाओं में अत्यधिक भीड़ हो जाती है भीड़ के नाते बच्चों में तनाव रहता है जिस कारण ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं जबकि विद्यालय में अध्यापकों की संख्या 14 है। एक बार शिकायतकर्ता एडवोकेट पुष्पराज भास्कर ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, खंड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर को शिकायती पत्र दिया उपरोक्त शिकायती पत्र पर विद्यालय में 53 सीट डेक्स बेंच लग गए थे खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर ने शिकायतकर्ता की समस्याओं को लेकर लगातार प्रयास जारी रखा।खंड शिक्षा अधिकारी राकेश यादव ने शासन तक शिकायतकर्ता की बात को पहुंचाया और विद्यालय में बच्चों को बैठने के लिए कमरे की कमी को ध्यान में रखते हुए कमरों की मांग को पूरा कर लिया जल्द ही कमरे का निर्माण शुरू हो जाएगा।

### जर्जर तार बदलने एवं नियमित विद्युत बहाल करने के लिए बरसैंता के उपभोक्ताओं ने अधिशाषी अभियंता से किया मुलाकात



**मेजा।** ट्रांसफार्मर से निकल रही एंटी लाइट एवं जर्जर तार के कारण नियमित विजली न मिलने से परेशान बरसैता गांव के दर्जनों उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिशाषी अभियंता से शिकायत कर बिजली ब्यावस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरसैंता के रहने वाले दर्जनों बिजली कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं ने विभागीय कर्मचारियों पर धन उगाही का आरोप लगाते अधिशाषी अभियंता मेजा से मुलाकात किया और उन्हें विगत चार वर्ष से व्याप्त बिजली समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल जर्जर विद्युत तार बदलने तथा नियमित विद्युत बहाल किए जाने की मांग किया साथ ही साथ यह भी कहा कि यदि शीघ्र ही बरसैंता गांव की बिजली में सुधार नहीं हुआ तो यहां के कनेक्शन धारक घेराव करने को बाध्य हो जाएंगे।

### पूजित अक्षत व कलश निमन्त्रण पत्र का हुआ वितरण



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा में आशीष सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर हिंदुओं को अयोध्या मे नवनिर्मित राममंदिर के दर्शन के लिए आमंत्रित करने शुरू कर दिया गया हैं। भाजपा जिला संयोजक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या आये बिना भी वे प्राण -प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बन सकते है। लोगो को अनुरोध किया गया कि पास के मंदिर में एकत्र होकर उत्सव मनाये साथ ही घर के लोगों को हल्दी और देशी घी के साथ अयोध्या से "अक्षत" प्रसादी चावल दिया गया। 22 जनवरी को हर हिन्दू के घर में घी का दीपक जलाना हैं और घर और मंदिर को सजना हैं। उस दिन गांव मुहल्ले के मंदिर में 11 बजे से 1 बजे तक टीवी लगाकर अयोध्या का मंदिर का लाइव वीडियो देखने को कहा। जिला संयोजक आशीष सिंह ने सभी ग्रामवासियों से सामूहिक भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण करने को कहा और इस अभियान को आगे बढ़ाया जायेगा। अक्षत पूजित निमन्त्रण पत्र कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष सिंह (भाजपा जिला संयोजक), सुधाकर शुक्ला, विजय श्याम तिवारी, कुलदीप मिश्रा, अशोक पांडेय, काली प्रसाद, शेषमणि शुक्ला, देवेश सिंह, आदर्श सिंह आदि दर्जनों के संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार कर रहे नवयुवक : गणेश केसरवानी



**लालापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की सपनो को नवयुवक आत्मसात कर सपनों को पूरा कर रहें हैं। उक्त बातें बुधवार की देर शाम इरादतगंज बाजार हवाई अड्डा मार्ग स्थित मशीन का उद्घाटन करने के दौरान समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी ने कही। इस बीच महापौर ने अयोध्या मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22जनवरी के दिन समस्त मंदिरों और घरों में दीप प्रज्वलित करने तथा कीर्तन भजन करने की अपील किया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विभव नाथ ने कहा कि योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने छोटे कार्यों से आज फ्लैक्स प्रिंटर्स मशीन लगाने का कार्य करके स्वयं तो आत्मनिर्भार हुए ही साथ ही कई अन्य लोगों को रोजगार से भी जोड़ने का कार्य करते हुए क्षेत्रीय जनों के कार्यों को भी आसान कर दिया है। संचालक पुष्पराज सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। साथ ही मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी को अयोध्या मंदिर की छाया चित्र भेंट किया और धन्यवाद अर्पित करते हुए आभार प्रकट किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नदेश्वर तिवारी, नागेंद्र सिंह, पंकज सिंह, अर्जुन सिंह, कृष्ण राम मौर्य, विनय शर्मा, अनिल कुमार पाल कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, नग्घू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बजहा ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा ग्रामपंचायत बजहा में विकसीत भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि इलाहाबाद सांसद प्रोफेसर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि मोदी-योगी युगल जोड़ी जन-जन का विकास कर रहा हैं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में ग्रामीणों के संग सरकार की उपलब्धियों पर लघु फिल्म देखकर महिलाओं के शक्तिकरण व लखपति बनने की प्रतिबद्धता जताते हुए तीसरी बार मोदी की सरकार बनाने का आह्वान गया। और ग्रामवासियों को साथ ही पंच प्रण शपथ दिलाई। उन्होंने कहा यह अभियान का अर्थ मिट्टी को नमन वीरो का वंदन हैं। आयोजन में मुख्य रूप से श्रीमती रेशमा रामशिरोमणि (नानक विश्वकर्मा) ग्रामप्रधान बजहा डॉक्टर जोशी को मालार्पण करके अंगवस्त्र व मोदी जी का फोटो भेट कर सम्मानित किया। वीडियो उरुवा, शिव जी पांडेय सांसद प्रतिनिधि, अमरेश तिवारी, संजय केसरी मंडल अध्यक्ष), ओम प्रकाश विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष), मनोज कुमार विश्वकर्मा,राजेश त्रिपाठी आशीष मिश्रा, लवकुश विश्वकर्मा, कुलदीप मिश्रा, विनीत विश्वकर्मा, राकेश पांडेय, दिनेश विश्वकर्मा, अजय पांडेय बाबा और आजीविका मिशन और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत,तहसील कर्मचारी और भारी संख्या ग्रामवासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### ग्राम पंचायत ओझा पट्टी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लालापुर।** ग्राम पंचायत ओझा पट्टी में बुधवार को "हमारा संकल्प-विकसित भारत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज सांसद के प्रतिनिधि के रूप में जिला कार्य समिति सदस्य शंकरलाल पाण्डेय रहे। श्री पाण्डेय ने कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो माहौल बनाया है, वह किसी भारतीय से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं काफी सहायक बनी हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है। इसी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण मिशन से जुड़ी सभी योजनाओं की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह को सौंपी गई, जिसका लाभ 60 हजार महिलाएं सीधे-सीधे रोजगार के जरिये उठा रही हैं।

### विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में आशा व आंगन बाड़ी कार्यकत्रीयों को किया गया सम्मानित



**सहसों।** विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सभा सहसों में विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को केसरवानी धर्मशाला में पहुंचकर एलईडी के माध्यम से पर्दे पर दिखाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सहसो गीता सिंह एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी लेकर उससे लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से सशक्त बनें। इस मौके पर अच्छे कार्य करने के लिए आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यत्रियों सहित अन्य कर्मठ लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाया। संचालन शिव बाबू केसरवानी एवं अध्यक्षता विष्णु केसरवानी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , जिला संयोजक नमामि गंगापार राजधर द्विवेदी, मनोज त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रेश कुमार केसरवानी, अध्यक्ष अनिल सरोज, मंडल महामंत्री संजय सिंह व पवन कुमार शुक्ला, पुष्कर सिंह पटेल, जयेश केसरवानी, रामजी बिन्द सहित आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, पंचायती राज विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# जिलाधिकारी ने जसरा मण्डी समिति राजकीय धान क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

केन्द्र प्रभारी धान क्रय केन्द्रों पर स्वयं उपस्थित रहकर किसानों के धान की खरीद सुनिश्चित करायें

धान क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी के अनुपस्थित मिलने पर उनके विरूद्ध की जायेगी कड़ी कार्रवाई

किसान को धान क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय करने में न हो कोई परेशानी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरुवार को जसरा मण्डी समिति में बनाये गये राजकीय धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 29 दिसम्बर से धान क्रय न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केन्द्र प्रभारी को कारण बताओं नोटिस देने का निर्देश दिया है। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों पर धान की कितनी खरीद हुई है, के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने क्रय केन्द्र पर तौल मशीन, रजिस्टर के साथ ही धान से भरी बोरी का वजन कराकर भी देखा। जिलाधिकरी ने किसानों के ब्यौरा वाला रजिस्टर चेक करते हुए निर्देश दिया है कि किसानों को बुलाकर उनके धान की खरीद सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी स्वयं उपस्थित रह करके किसानों के धान की खरीद सुनिश्चित करायें। धान को विक्रय करने में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा है कि निरीक्षण में यदि कहीं पर भी धान क्रय केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित पाये गये या धान के विक्रय करने में किसानों के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत करते हुए पाया गया तो सम्बंधित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि कितने किसानों से सम्पर्क किया गया है तथा कितने किसानों को टोकन जारी किया है के बारे में जानकारी लेते हुए कुछ किसान भाईयों से मोबाइल पर बातचीत करते हुए धान विक्रय किए जाने के सम्बंध में एव क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने एडीएम आपूर्ति को प्रतिदिन धान क्रय किए जाने की रिपोर्ट को चेक करने तथा जहां पर भी किसी दिन शून्य क्रय हो, उस क्रय केन्द्र के प्रभारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। डीएम ने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को समय से टोकन जारी करने तथा उसी समय किसानों को धान खरीद हेतु तिथि का निर्धारण करते हुए अवगत कराये जाने का निर्देश दिया है, जिससे कि किसानों को अपने धान को बेचने हेतु बार-बार धान क्रय केन्द्रों पर न आना पड़े। उन्होंने किसानों के धान के मूल्य का अनिवार्य रूप से समय से भुगतान सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने वहां पर उपस्थित किसानों से धान के भुगतान होने के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर एडीएम नागरिक आपूर्ति जेपी सिंह, डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोसडा कला धान क्रय केंद्र पर दो माह से किसान तौल के लिए परेशान

**4 नवम्बर से क्रय केंद्र पर दस्तावेज जमा करने के बावजूद भी नहीं आया नम्बर**



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा विकास खंड अंतर्गत कोसड़ा कला धान क्रय केंद्र पर दो माह से किसान धान तौल कराने को लेकर हाड़ कंपाती ठंड में डेरा डाले हुए है। लेकिन जिम्मेदार मौन धारण कर कुछ भी कहने करने से कन्नी काट रहे हैं। जिससे क्षेत्र के किसान बेमौसम बारिश में अपने धान को लेकर क्रय केंद्र पर कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे हैं। कोसडा कला क्रय केंद्र के विपणन अधिकारी की उदासीनता से किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं गुरुवार को मांडा क्षेत्र के बेदौली गांव निवासी छबि नाथ यादव ने कोसड़ा कला एमआई पर आरोप लगाते हुए बताया कि धान तौल कराने के लिए 4 नवम्बर को ही कागजात जमा कर दिया है लेकिन एमआई साहब ने दूर दराज से आए किसानों का पहले धान तौल करवा दिए। अभी दो माह से धान तौल करवाने के लिए कागजात जमा करने के बाद नम्बर ही नहीं आया है। ऐसे ही अमर नाथ यादव, बृज लाल यादव, बाबू लाल यादव आदि दर्जनों किसान धान तौलाने को लेकर क्रय केंद्र पर डेरा डाले हुए हैं।

## आठ साल की कानूनी लड़ाई के बाद वृद्धा को मिला घर, बेटे को मकान खाली करने का आदेश

**प्रयागराज।** एसडीएम सदर की कोर्ट ने अल्लापुर निवासी 70 वर्ष की पुष्पा देवी उर्फ पुष्पा शुक्ला को राहत दी है। कोर्ट ने बेटे द्वारा घर से निकाली गई पुष्पा को उसके घर में निवास करने और बेटे/प्रतिवादी को मकान खाली करने का आदेश दिया है। साथ ही जार्जटाउन थानाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वह प्रार्थी का उत्पीड़न होने पर जिम्मेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें।एसडीएम कोर्ट ने दारागंज थानाध्यक्ष को भी निर्देश दिया है। कहा है कि वह हर 15 दिन में प्रार्थी के मकान का भ्रमण कर उनकी कुशलता सुनिश्चित करें, जिससे प्रार्थीगण सुरक्षित महसूस कर सकें। जार्जटाउन थानाध्यक्ष से कहा है कि वह हर 15 दिन पर महिला पुलिस के साथ स्थलीय निरीक्षण कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें और प्रार्थी के जीवन व उसके मौलिक अधिकारों की रक्षा करें। पुष्पा देवी के पति की मृत्य हो गई है। इस दौरान बेटे के साथ मकान को लेकर मुकदमा चल रहा था।

## पुलिस ने मारा छापा,दो क्विंटल लहन किये नष्ट

मांडा। पुलिस ने छापा मारकर दो क्विंटल लहन नष्ट किया। किंतु अंधेरे का लाभ उठाकर आरोपी फरार हो गए। बुधवार रात इंस्पेक्टर मांडा वैभव सिंह के नेतृत्व में मांडा पुलिस ने कूदर गांव में अवैध शराब निर्माण के लिए रखी गई दो क्विंटल लहन नष्ट किया। अंधकार का फायदा उठाकर आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

## न्यूज झरोखा

### झांसी स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा की लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में निधन

**डॉ.यज्ञदत्त शर्मा के निधन पर यमुनापार भाजपाइयों में शोक**



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र से चार बार विधान परिषद सदस्य चुने गए डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा की लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में निधन की सूचना से ज़िलाध्यक्ष भाजपा यमुनापार विनोद प्रजापति व निवर्तमान जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने गहरा दुःख व्यक्त किया। इस सूचना से यमुनापार के जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य, राजेश शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य भाजपाइयों ने शोक व्यक्त किया।

### श्रीराम ज्योति करें प्रज्ज्वलित घर-घर दियाली, रूई, तेल दिया



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने नैनी की विभिन्न बस्तियों में जरूरतमंद लोगों को दिया दियाली, रूई, तेल वितरित करते हुए सभी से घर घर श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया 22 जनवरी सोमवार को रामलला अपने मूल गर्भग्रह में विराजित होंगे। भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष महानगर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि घर घर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है सारा देश भक्तिमय राममय नजर आ रहा है श्री रामज्योति प्रज्वलित कर सामाजिक समस्या का उदाहरण प्रस्तुत करें। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, हरमनजी सिंह, दलजीत कौर, धर्मेंद्र वर्मा, लख्खी सरोज, सरदार पतविंदर सिंह रहे।

### बैंक मैनेजर के सूने घर से लाखों की चोरी, परिवार के लोग गए थे मिजार्पुर



**प्रयागराज।** देवप्रयागम झलवा में पंजाब नेशनल बैंक के अफसर आलोक श्रीवास्तव के घर से 10 हजार रुपये नकद समेत लाखों की चोरी हो गई। आलोक पीएनबी की गोपीगंज शाखा में तैनात हैं। उनका पूरा परिवार एक जनवरी को मिजार्पुर स्थित पैतृक घर गया था। इसी दौरान चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। घर से कीमती गहने पार कर दिए। सीसीटीवी फुटेज में तीन बदमाश घर के भीतर घुसते नजर आए हैं। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है।

# 8264 केंद्रों पर होगी दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा, जारी की गई अंतिम सूची

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी हो गई। परीक्षा के लिए इस बार 8264 केंद्र प्रदेश में बनाए गए हैं। जिसमें 55,08,206 दसवीं और बारहवीं के पंजीकृत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से 2024 बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही है, लेकिन परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी करने में निर्धारित समय से अधिक समय लग गया। यूपी बोर्ड ने बृहस्पतिवार को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि इसके बाद कोई भी नया केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जनपदीय समिति से केंद्र निर्धारित हो जाने के बाद जारी केंद्रों की सूची में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में बनाए गए हैं।प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत शामिल जिलों में कुल 2408 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दशवीं और बारहवीं के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत मेरठ में 1528, बरेली 893, वाराणसी 2084 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में कुल 1351 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इस बाद की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,08,206 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें दसवीं में परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 29,47,324 है।

**तेजी से चल रही हैं परीक्षा की तैयारियां :** इसमें बालकों की संख्या 1571,687 और बालिकाओं की संख्या 13,75,637 है। इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 25,77,964 है। इसमें बालकों की संख्या 14,28,731 और बालिकाओं की संख्या 11,49,233 है। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षा के लिए अन्य तैयारियां भी तेजी से पूरी करायी जा रही है। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी होने के बाद अब किसी भी प्रकार का कोई नया परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।यूपी बोर्ड 2024 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 जनवरी 2024 से एक फरवरी 2024 तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मंडल में होगी। दूसरे चरण की प्रयोगात्मक परीक्षा 2 फरवरी से 9 फरवरी के बील अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल में आयोजित होगी।




## ई खसरा पड़ताल के शुभारम्भ एवं आधुनिकीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

**प्रयागराज।** राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लखनऊ में आयोजित रबी 2023-24 में ई खसरा पड़ताल के शुभारम्भ एवं आधुनिकीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को संगम सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सहित अन्य अधिकारीगणों की उपस्थिति में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद महोदया ने कहा कि ई खसरा पड़ताल एप के माध्यम से राजस्व/भूमि से सम्बंधित किसान भाईयों की समस्याओं का आसानी से समाधान हो सकेगा साथ ही डिजिटलीकरण से सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का कार्य आसान होगा एवं समय की बचत होगी।

## श्री राम जन्मभूमि का चित्र एवं ट्रस्ट का आमंत्रण पत्र वितरित किया गया



**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अतुल के द्वारा श्री राम जन्मभूमि में पूज्य संतों द्वारा पूजित अक्षत श्री राम जन्मभूमि का चित्र एवं ट्रस्ट का आमंत्रण पत्र राजर्षी नगर के शिव बस्ती में घर घर सम्पर्क करके वितरित किया गया। अतुल ने संपर्क के दौरान हिंदू माता बहनों एवं बन्धुओं से निवेदन किया की समग्र हिंदू समाज के सहयोग एवं संघर्ष से आज यह शुभ अवसर संपूर्ण हिंदू समाज को प्राप्त हुआ है। हम सब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से आप सभी को इस अक्षत और आमंत्रण पत्र के माध्यम से 22 जनवरी 2024 को श्री राम लाल सहित तीनों विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात दर्शन के लिए आमंत्रित करने आए हैं। अतुल ने संपर्क के दौरान समाज के बंधुओं से निवेदन किया कि 22 जनवरी को अपने घर एवं नजदीक के मंदिर को अयोध्या पुरी जैसा सजाएं एवं दीपोत्सव मनाएं। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि आज हम सबको यह शुभ अवसर देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है हमारे पूर्वज और उनकी पीढ़ियां यह इस शुभ अवसर को देखने का स्वप्न लिए समाप्त हो गई। इस संपर्क के दौरान नगर कार्यवाह नीरज, राजर्षी नगर शाखा कार्यवाह ओमप्रकाश मुख्य शिक्षक पंकज गण शिक्षक सुनील आदि उपस्थित रहे।

## डेवफेस्ट में दी नवीन तकनीकियों की जानकारी




**नैनी।** नैनी यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) नैनी के गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब (जीडीएससी) द्वारा प्रयागराज में पहली बार गूगल डेवलपर्स मीट डेवफेस्ट का आयोजन किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू), सीएसवीटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, जीएलए यूनिवर्सिटी, अल्वास कॉलेज, जेके इंस्टीट्यूट ऑफ इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, आरईसी सोनभद्र, केएनआईटी सुल्तानपुर सहित, काशी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केआईटी), इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड रूरल टेक्नोलॉजी (आईईआरटी) और शंभूनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआईईटी) सहित देश के प्रसिद्ध इंजीनियरिंग संस्थानों से 350 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ ने अपनी तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करने के लिए इस कार्यक्रम में भाग लिया। ऊडल्स टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा लिमिटेड के प्रतिभागियों ने भी अपने नवीन विचारों और ज्ञान को साझा किया। इस अवसर पर दिल्ली, अहमदाबाद और बैंगलोर से आये उद्योग विशेषज्ञों द्वारा प्रौद्योगिकियों की हालिया प्रगति पर सत्र लिए गए। एपीएससी एनईओ 4जे से सिद्धांत अग्रवाल ने ग्राफ-पावर्ड एनएलपी पर ज्ञानवर्धक सत्र लिया। वहीं, विशेषज्ञ वृजराज सिंह ने वेब ट्रैक सत्र पर अपने विचार साझा किये जबकि पर्सिस्टेंट से कार्तिक डेरासारी ने गूगल क्लाउड पर जानकारी दी। इसी प्रकार, एलटीआईमाइंडट्री से नितिन तिवारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग पर व्याख्यान दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। यूआईटी के प्राचार्य प्रो संजय श्रीवास्तव ने तकनीकी विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. अमित कुमार तिवारी, अभिषेक मालवीय, अमिताभ श्रीवास्तव और मानस पांडे मौजूद रहे।

# बारिश के बाद बढ़ी गलन, दिन भर नहीं हुए धूप के दर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बारिश के बाद बृहस्पतिवार को भी दिन भर धूप के दर्शन नहीं हुए। गलन और तेज बढ़ गई है। दिन भर लोग अलाव के सामने खड़े दिखे। मौसम का मिजाज अभी दो दिनों तक इसी तरह रहने की संभावना जताई जा रही है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक सात जनवरी को आसमान साफ हो सकता है और धूप के दर्शन हो सकते हैं। तब तक इसी तरह ठंड का सामना करना पड़ेगा।सर्दी और गलन से परेशान शहरवासी बृहस्पतिवार को भी ठिठुरते रहे। रात में हल्की बूंदाबांदी का असर दिखा। घने कोहरे के साथ ही दिन की शुरूआत हुई और दिन भर सूरज के दर्शन नहीं हुए। एक दिन पहले हुई बारिश का असर शहर की सड़कों और गलियों पर साफ दिखा। आवागमन में लोगों को परेशानियों का का सामना करना पड़ा। पिछले कई दिनों से जारी गलन और सर्द हवाओं के दौर के बीच बुधवार को बारिश हुई। इस दौरान शहर के ज्यादातर स्कूलों में अवकाश कर दिया गया है। मौसम विभाग की तरफ से पिछले कई दिनों से बारिश की आशंका जताई जा रही थी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वातावरण एवं समुद्र विज्ञान विभाग के डॉ. शैलेंद्र राय ने बताया कि अचानक हुई बारिश के पीछे बड़ा कारण बंगाल की खाड़ी से उठ रहीं नम हवाओं और पहाड़ों से आ रहीं हवाओं का टकराना है। जहां दोनों हवाएं जहां टकराती हैं, वहां ट्रप लाइन बनाती है। ऐसे में इन क्षेत्रों में बारिश होती है। आने वाले दो दिनों तक इसी प्रकार का मौसम बने रहने के आसार हैं। उसके बाद लोगों को बेमौसम बारिश से राहत मिल सकती है।

इसके बाद एक बार फिर से लोगों को बर्फीली हवाओं और गलन का सामना करना पड़ेगा।इधर, अचानक हुई बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिसके कारण सड़क से गुजरने में भी लोगों को दिक्कत हुई। बारिश के कारण विभिन्न विभागों में भी कर्मचारियों की संख्या कम रही। बाजारों में भी पूरे दिन रोज के मुकाबले सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। वहीं, शाम होते-होते गलन ने एक बार फिर से अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। वहीं, मौसम विभाग ने पांच जनवरी तक बारिश की संभावना जताई है।



## बारिश से पिछड़ी माघ मेले की तैयारी

**गंगा की तेज धारा से पांटून पुल के एलाइनमेंट में आई गड़बड़ी**



**प्रयागराज।** शहर में बुधवार को हुई बारिश ने माघ मेले की तैयारियों पर भी असर डाला है। मेला क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव और कीचड़ हो गया है। इस वजह से मेला बसावट के कार्य में जुटी कार्यदायी संस्थाओं को काफी दिक्कत हुई। वहीं, गंगा की तेज धारा से एक बार फिर से काली मार्ग स्थित पांटून पुल का एलाइनमेंट गड़बड़ा गया। शाम तक उसे ठीक करने की जद्दोजहद जारी रही।माघ मेला का प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति है। इस बार 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर स्नान होगा। पर्व के पूर्व मेला प्रशासन को अपनी तैयारियां पूरी करनी हैं। पहले से ही मेले की बसावट का काम धीमी गति से चल रहा है। इस बीच बुधवार को हुई बारिश से तैयारियां और प्रभावित हुई हैं। झूंसी की तरफ मुख्य मार्ग और संपर्क मार्ग पर जगह-जगह जलभराव से चकर्ड प्लेट बिछाने का काम पिछड़ गया। मजदूर पानी हटाने में जुटे रहे। उधर, ठंड की वजह से मेला क्षेत्र में अधिकांश मजदूर परेशान दिखे। सबसे ज्यादा दिक्कत काली मार्ग पांटून पुल पर हुई। यहां पुल का एलाइनमेंट गड़बड़ा जाने से आवागमन रोक दिया गया। इसके पूर्व भी पुल का एलाइनमेंट गड़बड़ा गया था। बताया जा रहा है कि गंगा की धार काफी तेज है। इसी वजह से गड़बड़ी हो रही है।

**जोरों पर चल रहा है काम :** माघ मेले की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है। बुधवार को बारिश के बाद हुए दलदल और जलभराव को निकालने का कार्य बृहस्पतिवार को तेजी से चलता रहा। महावीर मार्ग, काली मार्ग, दशाश्वमेघ घाट मार्ग, अक्षयवट, खाक चौक मार्ग आदि जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई है, जिसे ठीक किया जा रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सोनाई, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 04.01.2024

ग्राम पंचायत **सोनाई** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **सोनाई** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05–01–2024 से दिनांक 19–01–2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–01–2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–01–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | काली रोड से प्राथमिक विद्यालय सोनाई तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.00 लाख | 2 माह |

मंजू लता श्रीवास्तव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

संजीव श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत भडेवरा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 04.01.2024

ग्राम पंचायत **भडेवरा** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **भडेवरा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05–01–2024 से दिनांक 19–01–2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–01–2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–01–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | काली रोड से पंचायत भवन तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |

अनुराधा विश्वकर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भडेवरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

राम सकल
सचिव
ग्राम पंचायत भडेवरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# सांसद विनोद भाई ने किया कुण्डा बाबागंज क्षेत्र का विकास: स्मृति ईरानी

## करेंटी में गंगा पुल, रेलवे ओवर ब्रिज, अंडर पास सहित क्षेत्र का हुआ ऐतिहासिक विकास

### केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया लाइव सम्बोधन

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को मां नायर देवी धाम में उमड़ी विशाल जन सभा को बतौर मुख्य अतिथि लाईब संबोधित किया। खराब मौसम के कारण दिल्ली से विमान न उड़ने के कारण कार्यक्रम में न आ पाने के कारण मैं माफी मांगती हूँ। मेरा प्रयास होगा कि जल्द ही मैं कुण्डा बाबागंज के कार्यक्रम में आउंगी। एक समय था। जब उत्तर प्रदेश गुंडा राज के लिये पहचाना जाता था। आज तेजी से उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है।

आज औसान माता की पूजा में बड़ी संख्या में आई बहनों से कहना चाहूंगी कि मेरे भाई विनोद सोनकर जी पिछले दस वर्षों में क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास कार्य किया। बात चाहे करेंटी गंगा पुल की हो या कुण्डा क्षेत्र में 5 किलोमीटर के रेडियस में 3 रेलवे ओवर ब्रिज की हो। रेलवे लाईन पर अंडर पास, क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने की हो। ऐसे ही विकास कार्यों से अब कुण्डा व बाबागंज भी विकास की अग्रसर है। कार्यक्रम की आयोजिका संगीता सोनकर को विशेष धन्यवाद जिन्होंने इतना विशाल आयोजन किया। कार्यक्रम में आई सभी बहनों को धन्यवाद। विशिष्ट अतिथि कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने मंच पर पहुंचते ही मां नायर धाम की जय हो के साथ अपना संबोधन प्रारम्भ किया। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि 2019 में मेरी पत्नी संगीता सोनकर मां नायर देवी धाम दर्शन करने आई



केन्द्रीय मंत्री के लाइव सम्बोधन में मौजूद सांसद विनोद सोनकर व अन्य

थी। उस समय एक मान्यता मांगी थी कि मेरे पति चुनाव जीतेंगे तो यहां पर एक दिन का ब्रत रखकर विशाल दुर्दैया कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आज उसी मान्यता को पूरी करने के लिए आप सब यहां आए है। आज यहां पर केन्द्र सरकार की मंत्री स्मृति ईरानी को आना था। खराब मौसम के कारण वह नही आ सकी। 2024 चुनाव के पहले इसी मैदान पर बहन स्मृति ईरानी आयेगी। कुण्डा के 5 किलोमीटर के रेडियस में तीन-तीन ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव दिया। मवई रेलवे क्रासिंग में ओवर ब्रिज का कार्य प्रारंभ हो गया। कुण्डा में रोड़बेज का बस स्टेशन बन गया। आज क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। अब योजनाओं से सब को लाभन्वित करना है। आज यहां पर बड़ी संख्या में कुण्डा बाबागंज के प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आये है। बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों ने सुबह से ही मुझे फोन करके बताया कि कुछ मजबूरी के कारण हम कार्यक्रम में नही आ पा रहे है। हम सभी आपके साथ कुण्डा बाबागंज के विकास के साथ है। आप ही क्षेत्र का विकास कर सकते है। आपके आने के बाद कुण्डा की तस्वीर बदल रही है। आज हीरागंज में इतनी बड़ी जन सभा आयोजित हुई। इसके लिये कार्यक्रम के आयोजक संगीता सोनकर, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी,मनोज तिवारी,उदय शंकर पाण्डेय व हीरागंज बाजार नगर पंचायत की अध्यक्षा सुरेखा सरोज एवं आये हुये सभी जनता जनार्दन को बहुत बहुत धन्यवाद। अध्यक्षता करते हुये जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि आज यहाँ कार्यक्रम में आने के बाद अपार भीड़ देखकर यह निश्चित हो गया कि अब कुण्डा बाबागंज की तस्वीर बदल रही है। सरकार ने सबसे ज्यादा कार्य महिलाओं के लिये ही किया है। आप सभी अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर का आगामी 22 जनवरी के बाद जरूर दर्शन करें।कार्यक्रम में जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी,निवर्तमान जिला अध्यक्ष हरि ओम मिश्र, भाजपा नेता मनोज तिवारी,सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय,भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, उदय शंकर पाण्डेय,ठाकुर प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र,कमलेश सोनकर, राजन मिश्र, आशुतोष मणि द्विवेदी, अमर जीत सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आज आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को प्रतापगढ़ आएंगे। उनका हेलीकाप्टर 11.30 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेगा। उसके बाद वे 11.40 बजे पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के सदर बाजार स्थित आवास पर आयोजित तेरहवीं में शामिल होंगे। उसके बाद 12 बजे लोक निर्माण विभाग में पार्टी के पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे।

## बेजुबान जानवरों को बोरे के कोट पहनाने का क्लब का अभियान जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भीषण सर्दी को देखते हुए बेसहारा पशुओं के संरक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। सड़क पर लावारिस घूमते हुए गाय, बछड़े तथा भैंस इत्यादि को बोरे के कोट और बोरे का वस्त्र क्लब के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अगुवाई में पहना कर संरक्षित किया जा रहा है। जल, चारे तथा गुड़ इत्यादि की व्यवस्था भी क्लब की टीम कर रही है। इसी क्रम में आज दहिलामऊ, पितईपुर, राजा पाल की टंकी तथा विवेक नगर के गली कूचे और चैराहों पर गाय तथा बछडो. को पकड़कर बोरे तथा बोरे के कोट से आवृत्त किया गया। पशुओं के संरक्षण के इस अभियान में सहयोग दे रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने इस मानवीय अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पशु अर्थव्यवस्था के बहुमूल्य अंग हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति तथा संस्था को पशुओं की सुरक्षा करनी चाहिए पशुओं को घर तथा बाडो. में बाँध कर रखना चाहिए। घूमते पशु दुर्घटना के कारण बनते हैं। अभियान का नेतृत्व करने वाले क्लब के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर तथा समर्पित समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि विगत वर्षो की भांति जरूरतमंदों को कंबल तथा पशुओं के आवरण वस्त्र आदि वितरण कर कार्य पूरे जाड़े के मौसम में चलता रहेगा। धरती पर पशुओ को भी जीने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्यों को। अभियान में परमानंद मिश्रा, अरविंद शुक्ला, राकेश कनौजिया, विवेक कुमार यादव, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार, सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, सूरज कुमार, आदर्श कुमार, शिवेश शुक्ला, संजय कनौजिया इत्यादि शामिल रहे।

## श्रीराम जन्मभूमि निर्माण से समाज में उत्साह: डा0 सौरभ

### लोगों को वितरित किया गया अक्षत व आमंत्रण पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत नगर के प्रबुद्ध जनों की बैठक भारत विकास परिषद, विशाल शाखा, प्रतापगढ द्वारा संपन्न हुई। इस अवसर पर विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. सौरभ पांडेय ने कहा कि यह अभियान जन-जन का है।

उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि के निर्माण के लिए 500 से अधिक वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण हो रही है। इसमें सभी का योगदान है,



लोगों को आमंत्रण पत्र देते डा0 सौरभ पाण्डेय।

समाज में उत्साह, उत्सव का वातावरण है। जन-जन की सहभागिता इस अभूतपूर्व अवसर पर हो रही है। आरंभ में विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. सौरभ पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम ने समस्त मयार्दाओं का पालन करते हुए समाज को समरसता का संदेश भी दिया है। समाज में आदर्श स्थितियां कैसी हों, यह उनके जीवन का आधार रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल तथा अभियान के जिला सह संयोजक डॉ. रंगनाथ शुक्ल, सभासद सुनील दुबे ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित जनों को पूजित अक्षत, चित्र और आमंत्रण पत्र देकर आवाहन किया कि यह पवित्र अक्षत हर घर तक पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन उदयभान सिंह ने किया। इस अवसर पर अश्विनी केशरवानी, महिला संयोजिका कविता केसरवानी, प्रो. पीयूषकांत शर्मा, डॉ. सुधांशु उपाध्याय, अनामिका उपाध्याय, डॉ.चक्रपाणि उपाध्याय, डॉ. कामायनी उपाध्याय, शिशिर खरे, पूनम केसरवानी, संजीव आहूजा, पूनम आहूजा, शरद केसरवानी, रेखा सिंह, राजेश सिंह, वंदना सिंह, अभय खंडेलवाल, क्षमा खंडेलवाल, शकुंतला खंडेलवाल, राकेश शुक्ल, पुष्पांजलि शुक्ला, बीना सिंह, नारायण शुक्ला, अरविंद कुमार सिंह, कमलेश्वरी देवी, ए के सिंह, डा. ज्योति केसरवानी, राजेश मिश्रा, डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव, संतोष भगवान, डॉ. अजय केसरवानी, नीलम मिश्रा, प्रताप कुंदनानी, उमेश प्रताप सिंह, सरोज सिंह, संजय खरे, उत्कर्ष खरे, नारायण प्रसाद खंडेलवाल, मीनू खंडेलवाल आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

## आधा दर्जन गांवों में बांटा गया पूजित अक्षत व पत्रक

### श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति ने किया भ्रमण



लोगों को पत्रक बांटते अभियान समिति के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में राम भक्त जिले के सभी ग्रामों में प्रतिदिन अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र और श्री राम मंदिर से संबंधित पत्रक आमंत्रण स्वरूप दे रहे हैं।

इसी क्रम में आज भी मांधाता, शिवगढ़, गौरा, बाबा बेलखरनाथ धाम, सदर, सांडवा चंडिका, मंगरौरा, पट्टी, आसपुर देवसरा एवं नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर टोलियो में राम भक्त श्रद्धा भाव के साथ प्रत्येक परिवार को आमंत्रण स्वरूप पूजित अक्षत श्री राम मंदिर का चित्र और पत्रक प्रदान किया। लोगों में भगवान श्री राम के प्रति श्रद्धा का ज्वार उमड़ रहा है आम जनमानस में राम राज्य जैसा वातावरण दिख रहा है। बता दें कि 1 जनवरी से लेकर 3 जनवरी 2024 तक कुल 35 850 परिवारों में संपर्क किया। इस प्रकार यह संपर्क अभियान 15 जनवरी 2024 तक चलता रहेगा। इस आशय की जानकारी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय ने दिया। इसके अतिरिक्त जिले के कई स्थानों पर राम भक्त लगातार संपर्क अभियान में लगे हुए हैं। प्रमुख रूप से जिला प्रचारक शिवप्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत, अभियान के जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, अवधेश मिश्रा, बृजेश, शिवकुमार सोनी, राम उजागर, अनिल सिंह, कुलभास्कर, सुभाष, जिला संयोजक राजन, दिनेश, रविशंकर, विनीत सिंह, शिवम श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, प्रभात, विजय सिंह, शारदा विश्वकर्मा, नीरज, अशोक शर्मा, मुकेश आदि राम भक्त संपर्क में रहे।

### विहिप ने घर-घर बांटे पूजित अक्षत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में ढोल मंजीरा भजन कीर्तन श्री राम जय राम जय जय राम संकीर्तन करते हुए 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत राम विग्रह पत्रक घर-घर वितरण किया गया और लोगों से आग्रह किया गया। 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घर के आसपास के मंदिरों में भजन कीर्तन करके शाम को दीपोत्सव करना है। कार्यक्रम में उपस्थित विभाग मंत्री रजनीश तिवारी, जिला सहमंत्री प्रशांत तिवारी,गौरा प्रखंड अध्यक्ष नितीश तिवारी, पंकज पांडेय अरविंद विश्वकर्मा, शेखर, विवेक, सोनू, आशीष यादव, सुशील, मानस, गोलू, माही, अभू बहुत सारे कार्यकर्ता आदि रहे।



लोगों को पत्रक बांटते विहिप पदाधिकारी।

## गरीबों एवं असहायों की मदद को आगे आया ट्रस्ट, कम्बल पाकर खिल उठे गरीबो के चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** समूचे उत्तर भारत में इस समय कड़ाके की ठंड व शीतलहर के कारण जनपद में लगातार तापमान में गिरावट आने के कारण ठंड बढ़ रही है। वहीं बढ़ती ठंड और शीतलहर से निर्धन असहाय गरीब तक के पात्रों को बचाने के लिए दिव्य ज्योति सेवा संस्थान ने विकास खण्ड कालाकांकर के कन्दई और रायपुर गॉव में गरीबों एवं असहायों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया।

दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं, उन्हें ठिठुरते हुए रात गुजारनी पड़ती है। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कॉपते रहते हैं, जो गरीबों की पीड़ा समझते हैं उन्हें इस नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए। गरीबों एवं मजलूमों की सेवा बहुत ही पुण्य का काम है। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह ने कहा कि दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के कार्यों से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए यह संस्थान प्रत्येक वर्ष उपलब्ध सीमित साधनों से ही समाज के कमजोर एवम असहाय लोगों की सेवा में निरन्तर तत्पर रहता है, मेरी शुभकामनाएं सदैव ऐसे संस्थानों के साथ हैं। महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कम्बल पाकर गरीबों को ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। गरीबों के चेहरे की खुशी देखकर मन को बड़ी शांति मिलती है, उन्होंने कम्बल तिवरण कार्यक्रम में आये हुए व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश सिंह, प्रदीप सिंह, जुगुलकिशोर, रविशंकर आदि लोगों ने कम्बल वितरण में सहयोग प्रदान किया तथा रामचन्द्र, दीपचन्द, मस्तराम सरोज, बाबा जयकरन पटेल, इन्द्रजीत सहित दर्जनों पात्रों को संस्था की तरफ से कम्बल वितरण किया गया।



असहायों को कम्बल वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

## बिना मान्यता के स्कूलों पर कार्रवाई करना बीईओ के लिए बनी चुनौती

### पांच माह पूर्व बीईओ ने दी थी नोटिस, खुद के आदेश पर ही नही कर सके कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई करना बीईओ के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। अवैध रूप से संचालित स्कूलों को पांच माह पूर्व नोटिस देकर तत्काल बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन बीईओ ने खुद के आदेश पर ही अभी तक कोई कार्रवाई नही कर सके है।

स्थानीय क्षेत्र में शिक्षा अधिकार अधिनियम को दर किनार करते हुए दर्जनों स्कूल संचालित हो रहे है। बगैर मान्यता की बात तो दूर की है यहां तो मान्यता वाले भी अधिकांश स्कूल अभी मानक से कोसो दूर है। उक्त संबंधित खबर को प्रकाशित किया तो विभाग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अवैध रूप से चल रहे दस विद्यालयों को नोटिस भेज तत्काल संचालन को बंद करने का आदेश दिया था। विभाग की लापरवाही इस कदर रही की पांच माह बीत जाने के बाद भी अवैध रूप से संचालित स्कूलों पर कोई भी कार्रवाई नही की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारी आज तक जांच करना उचित नहीं समझे की चिन्हित बगैर मान्यता वाले स्कूलों का संचालन बंद हुआ की नहीं। विभाग की लापरवाही का नतीजा यह रहा की नोटिस जारी के बाद भी स्कूलों का संचालन होता रहा है।

## केटीएच प्रतियोगिता के फाइनल में ज्ञानगंगा टीम विजेता

### खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कार वितरित

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील स्थित बंधवा बाजार में केटीएच प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ज्ञान गंगा टीम को फाइनल मैच में सफलता मिली है। ब्लॉक प्रमुख बाबा बेलखरनाथ धाम सुशील सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें पुरस्कार वितरित किया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के बधवा बाजार में केटीएच प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष किया जाता है जहां पर हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहते हैं। गुरुवार को फाइनल प्रतियोगिता का मुकाबला ज्ञान गंगा टीम तथा ब्लैक टाइगर बंधवा के बीच में हुआ जिसमें ज्ञान गंगा की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 138 रन का लक्ष्य रखा। पीछा करते हुए ब्लैक टाइगर बंधवा की टीम मात्र 128 रन ही बना सकी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करते हुए ब्लाक प्रमुख सुशील सिंह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में युवाओं की सहभागिता बहुत ही आवश्यक है इससे शारीरिक को मानसिक स्वास्थ्य सही रहता है उन्होंने मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।



मेडल के साथ विजेता टीम के खिलाड़ीगण।

### गर्म वस्त्रों का स्टाल लूट ले गए छात्र और बच्चे

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के स्टडी सेंटर पर लगाए गए गर्म वस्त्रों के फ्री स्टाल पर लूट मच गई। छात्र और बच्चे स्वेटर, मोजा, टोपी, मफरल, जूते और मोजे इत्यादि पाकर काफी खुश नजर आए। अभिभावक भी पहुंचे थे। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद और असहाय बच्चों और छात्रों की मदद को तत्पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने गुरुवार को निशुल्क गर्म का कपड़े का वितरण किया। भंगवा सेंटर के अलावा गांव गिराव में घूमकर भी वितरण किया गया। सैकड़ों लोगों को इसका लाभ मिला। वितरण कार्यक्रम में शनि, संजय मंतोश सिंह, अनुज शुक्ला, सतेंद्र, राजकुमार मोदनवाल,नदीम, कमलेश अग्रवाल और अन्नू केसरवानी का विशेष योगदान रहा।

## फरियादी को सही समय पर न्याय दिलाना वकालत का पवित्र मिशन: उमेश द्विवेदी

### संयुक्त अधिवक्ता संघ के बैनर तले हुआ अधिवक्ताओं का समारोहपूर्वक सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में गुरूवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक एवं दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति के चेयरमैन उमेश द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। अधिवक्ता अनूप पाण्डेय ने मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की समां बांधी। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि वकालत एक सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवा का अभिन्न अंग है। पीडितों व फरियादियों को सही समय पर सही न्याय दिलाना ही वकालत पेशे का पवित्र मिशन हुआ करता है। शिक्षक विधायक उमेश ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह निडर व निर्भीक होकर जहां भी अन्याय और अत्याचार की स्थिति देखें उसके खिलाफ संघर्ष का बेखौफ बिगुल बजायें। कार्यक्रम में एमएलसी उमेश द्विवेदी ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के संयोजन में न्यायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र तथा अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं संघ के अध्यक्ष अनिल महेश तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी व उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह तथा महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने आयोजन समिति की ओर से शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी को अभिनंदन पत्र तथा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम तथा पुष्पगुच्छ प्रदान कर सारस्वत सम्मान से नवाजा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यापारी की बहू की मौत

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेता नगर निवासी व्यापारी केदारनाथ के पुत्र सुशील कुमार उर्फ सुइयां की पत्नी प्रतिभा केसरवानी उम्र लगभग 45 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई है मामले की सूचना पुलिस को दिए बगैर परिजनों ने गुपचुप तरीके से गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया है चचाओं पर जाए तो पारिवारिक कलह से अजीज आकर विवाहिता ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर लिया लेकिन सवाल उठता है कि घर की चाहर दिवारी के भीतर कैद रहने वाली विवाहिता को कीटनाशक जहरीला पदार्थ कैसे मिला विवाहिता बाजार नहीं निकलती थी तो उसे कीटनाशक जहर लाकर देने वाला कौन है या फिर विवाहिता के कीटनाशक खाने के पीछे कुछ और कहानी है। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह अचानक विवाहिता की हालत बिगड़ने लगी नगर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाए होने लगी जिस पर परिवार के लोग विवाहिता को जिला अस्पताल लेकर गए लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया इलाज के दौरान प्रयागराज में विवाहिता की मौत हो गई है पश्चिम शरीरा कस्बे की रहने वाली विवाहिता की लगभग 20 वर्षों पहले मंझनपुर कस्बे के सुशील केसरवानी उर्फ सुइयां पुत्र केदारनाथ के साथ शादी हुई थी बीते कुछ वर्षों से विवाहिता का परिवार में अपने पति ससुर से विवाद चल रहा है विवाहिता की मौत कैसे हुई यह पुलिस की बड़ी जांच का विषय लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस ने इस मामले को स्वतः संज्ञान लेकर जांच नहीं शुरू कराई है। मौत से पहले विवाहिता के इलाज में चिकित्सकों द्वारा दी गई दवा और पर्चे को यदि आधार मानकर पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो विवाहिता की मौत से पर्दा उठना तय हैं लेकिन क्या विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत और बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिए जाने के इस गम्भीर मामले को पुलिस आला अधिकारी गंभीरता से लेकर विवाहिता के इलाज के पर्चे को अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच कराकर विवाहिता के मौत की गुत्थी सुलझाएंगे यह नगर में तेजी से चर्चा का विषय बना हुआ है या फिर विवाहिता की मौत भी रहस्य बनकर रह जाएगी विवाहिता की मौत के पीछे ब्यूटी पार्लर की एक महिला की चर्चा तेजी से हो रही है इसके पहले भी मंझनपुर के बबुरा में सीओ मिश्रा की जलकर मौत में भी ब्यूटी पार्लर की एक महिला की चर्चा हुई थी हालांकि दोनों मामलों में ब्यूटी पार्लर की दोनों महिलाएं अलग-अलग हैं।

## समस्त थाना प्रभारियों ने सुनी फरियाद

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थानों पर सम्बन्धित थाना प्रभारी द्वारा जनसुनवाई की गयी। लगातार समस्याओं से पीड़ित लोग पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय समस्या लेकर पहुंच रहे हैं जिसके चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाना स्तर पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थाना स्तर पर पहुंचे समस्याओं से पीड़ित लोगों की फरियाद सुनकर समस्या का निस्तारण किया गया एवं निस्तारण हेतु भरोसा भी दिलाया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई जनशिकायतें

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान समस्या को लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सरलता पूर्वक सुना गया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश-निर्देश दिया गया।

# रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह का किया सम्मान

**पदाधिकारियों ने विगत दिनों रामलीला के सफल मंचन में कर्मचारियों द्वारा दिए गए सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया एवम अंतरराष्ट्रीय नव वर्ष की बधाई दिया है**

**अयोध्या धाम में 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र में राम मय माहौल बनाने में सहयोग मांगा है**



**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा श्री राम लीला कमेटी के पदाधिकारियों ने अधिशाषी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह को राम मंदिर का चित्र अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। पदाधिकारियों ने विगत दिनों रामलीला के सफल मंचन में कर्मचारियों द्वारा दिए गए सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया एवम अंतरराष्ट्रीय नव वर्ष की बधाई दिया है अयोध्या धाम में 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र में राम मय माहौल बनाने में सहयोग मांगा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के चेयरमैन प्रतिनिधि, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ केसरवानी, आशीष मोदनवाल, संजीव केसरवानी, वरिष्ठ सभासद सुरेश चंद्र केसरवानी सहित कमेटी के तमाम लोग मौजूद रहे है।

# मोहम्मदपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी योजनाओं की जानकारी

**महगाव कौशाम्बी।** केन्द्र सरकार के आवाहन पर ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जनपद कौशांबी के विकास खण्ड चायल के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में यात्रा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहा भरी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और इस दौरान वक्ताओं ने ग्रामीणों को मोदी और योगी सरकार की जनहित की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। गुरुवार को ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य और उपाध्यक्ष राकेश पांडे व सांसद प्रतिनिधि सुभम सोनकर का ग्राम प्रधान मोहम्मद अकिब ने माला पहनाकर कर स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरूवात की गई। जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य व उपाध्यक्ष राकेश पांडे द्वारा संयुक्त रूप से केन्द्र सरकार की जनहित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए एवम लाभार्थियों को मोदी सरकार की गारंटी योजनाओं के विषय में संपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल जीवन मिशन, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री जन धन वा आरोग्य योजना, विधवा, वृद्धा, विकलांग व पीएम किसान पेंशन योजना, पीएम पोषण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि तरह तरह की योजनाओं की समस्त जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में अलग अलग विभागों के आला अधिकारियों कर्मचारियों के स्टॉल लगाए गए जिसके माध्यम से ग्रामीणों किसानों मजदूरों महिलाओ की योजनाओं सम्बंधित समस्याओं को नोट किया गया। समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, वन विभाग, सहकारिता विभाग, बैंक व डाक विभाग, के साथ खण्ड विकास अधिकारी चायल दिनेश चन्द्र द्वारा मौजूद ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बंधित जानकारी दी साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओं को ग्रामीणों को बताया इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा से चक्रेश मिश्र , मंडल अध्यक्ष गुलाब पटेल सिंह, जमुना प्रसाद, रमेश पटेल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मोहम्मद अकीब के द्वारा की गई, इसी कड़ी में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष मैदान सिंह पटेल, ग्राम प्रधान मिठाई लाल, ग्राम प्रधान राजू, ग्राम प्रधान जगत बहादुर, ग्राम प्रधान अफरोज अहमद, ग्राम प्रधान राकेश कुमार आदि मौजूद रहें।



## नही थम रही निजी अस्पतालों की मनमानी फिर एक किशोर की मौत

**कौशांबी।** प्रदेश सरकार भले ही निजी अस्पतालों के लिए कड़े कानून बनाकर इलाज के दौरान लापरवाही पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही हो किंतु जिले में स्वास्थ्य महकमें के साहब की मेहरबानी के चलते सरकार का मंसूबा कौशांबी में कामयाब होता नहीं दिख रहा है आए दिन निजी अस्पतालों में हो रही मौतें कौशांबी स्वास्थ्य महकमें के जिम्मेदारों पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहे हैं। मालूम हो कि सैनी कोतवाली से चंद कदम दूर मौजूद निषाद हॉस्पिटल में एक महिला अपने 15 वर्षीय बच्चे के सर दर्द का इलाज करवाने आई थी जिसे अस्पताल में एडमिट कर लिया गया। पीड़ित का आरोप है कि पूरे दिन उसके बच्चे का इलाज अस्पताल के डॉक्टर की बजाय नर्स करती रही और जिसके चलते उसके बच्चे की मौत हो गई। वहीं सूत्रों की माने तो घटना के बाद से ही पूरे मामले में परिजनों पर दबाव बनाने के लिए अस्पताल डॉक्टर ने कई लोगों को लगा दिया। मामला सुलझाने के लिए अस्पताल के चाटुकार इर्द गिर्द मंडराने लगे है।

## डोरमा और पथरावा गांव में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्य क्रम



**अझुवा कौशांबी** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम गुरुवार को कड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पथराव और डोरमा में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया भाजपा जिला अध्यक्ष ने भाजपा सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया है उन्होंने स्वास्थ्य ,बेसिक शिक्षा, आंगनवाड़ी ,पीएम किसान सम्मान निधि, पूर्ति विभाग, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा कैसे लाभ प्राप्त किया जाए उस पर प्रकाश डाला है उन्होंने बताया सरकार सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास की नीति पर काम कर रही है इस सरकार में हर धर्म और समुदाय के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है जिन पात्र लोगों को अभी तक सरकार के माध्यम से चलाई जा रही किसी योजना का लाभ नहीं मिला हो तो वह आवेदन दे जिससे आगे की प्रक्रिया हो सके इस दौरान उन्होंने धात्री महिलाओं को पोषण पोटली, बच्चों का अन्नप्राशन व लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया है।

## न्यूज झरोखा

### जेसीबी लेकर पहुंची अधिशाषी अधिकारी,जल निकासी की समस्या का कराया समाधान



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड 7 राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे सर्विस लाइन पर नाला का ओवर फ्लो पानी भर जाता था कुछ स्थानीय निवासी नाला नहीं बनने दे रहे उसी वार्ड के सभासद सुघर सिंह और गुड्डू विश्वकर्मा,कमला विश्वकर्मा,पप्पू विश्वकर्मा, रफीक आदि ने नगर पंचायत में शिकायत कर जल निकासी की मांग की थी जिसको संज्ञान लेकर आज गुरुवार को अधिशाषी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह नगर कर्मियों के साथ जेसीबी लेकर पहुंची हैं और लगभग 20 मीटर खुदाई करवाकर सिमेंटेड नाला बनवाने को कहा है इस दौरान नगर पंचायत के तमाम तमाशबीन मौजूद रहे।

### घर में लगी आग छप्पर कपड़ा,राशन हुआ खाक



**अझुवा कौशांबी** सिराथू तहसील के ग्राम सभा कानेमई के एक घर में बच्चो की नादानी से आग लग गई जिससे घर में रखा राशन,साइकिल बिस्तर कपड़ा जलकर खाक हो गया,ग्राम प्रधान शिव राजपूत मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया हालांकि ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया गया था किंतु फायर ब्रिगेड कर्मियों के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने वीरेंद्र पुत्र हुबलाल के घर लगी भीषण आग पर काबू पा लिया था घर में मौजूद इकलौती बेटी रोशनी पुत्री वीरेंद्र ने बताया कि घर के सभी लोग रिश्तेदारी गए हैं घर में छप्पर के नीचे आग जल रही थी किसी बच्चे ने ज्यादा खर पतवार रख दिया जिससे ऊपर छप्पर में आग पकड़ ली है देखते देखते घर में रखा राशन सहित अन्य सामान जल गया है।खबर लिखे जाने तक राजस्व एवम दमकल वाहन नहीं पहुंच सका था।

### शत प्रतिशत गाटों का ई-खसरा पड़ताल के लिए लेखपाल एवं कृषि कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



कौशाम्बी भारत सरकार द्वारा केन्द्र पोषित डिजिटल मिशन ऑन एग्रीकल्चर घटक के अन्तर्गत प्रदेश में उगाई जाने वाली फसलों के रियल टाइम सर्वेक्षण के लिए एग्री स्टैंक परियोजना के अन्तर्गत जियो-रेफरेन्स आधारित फसल की फोटो के साथ डिजिटल क्राप सर्वे कार्यक्रम वर्तमान वित्तीय वर्ष में रबी-2024 से जनपद कौशाम्बी में शत प्रतिशत गाटों का ई-खसरा पड़ताल के लिए राजस्व लेखपालों एवं कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा सर्वे कराये जाने के लिए आज गुरुवार को सम्राट उदयन सभागार कलेक्ट्रेट मंझनपुर में प्रशिक्षण प्रदान कर शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही के अभिभाषण समारोह कृषि भवन,लखनऊ के अडिटोरियम सभागार के सजीव प्रसारण के साथ किया गया। कृषि मंत्री द्वारा अपने अभिभाषण में राजस्व लेखपालों व कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मियों का आभार व्यक्त कर ई-खसरा पड़ताल से होने वाले लाभ की जानकारी दी गयी कृषि मंत्री द्वारा कृषकों को बीमा, मौसम एवं वर्षा से होने वाली फसलों की क्षति की भरपाई के लिए ई-खसरा पड़ताल के उपयोगी होने की चर्चा किया सम्राट उदयन सभागार में कृषि एवं राजस्व कर्मियों उपस्थित रहें। इनके अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अध्यक्ष अपर जिलाधिकर वित्त एवं राजस्व अरूण कुमार गोंड, कृषि विभाग के अधिकारीगण सतेन्द्र कुमार तिवारी उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव, एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सुश्री सुरूचि विश्वकर्मा एवं अपर जिला कृषि अधिकारी अनुज कुमार मौर्य एवं राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार सौरभ कुमार ओम प्रकाश, एवं विनय कुमार उपस्थित रहे।

### वंदे भारत एक्सप्रेस के आगे कूद गया युवक,हुई दर्दनाक मौत,नही हुई शिनाख्त

कौशाम्बी वंदे भारत एक्सप्रेस के आगे एक युवक अचानक से कूद गया ट्रेन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर गांव के पास देर शाम एक युवक अचानक आया और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद गया,ट्रेन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई,ट्रेन के लोको पायलट की सूचना पर रेलवे पुलिस और कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी,जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

### शादी में अवैध तमंचा लहराने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**महगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सवार्काजी में एक शादी समारोह के दौरान डीजे के धुन पर नाचते हुए युवक का अवैध तमंचा लहराने का वीडियो वायरल हुआ जिस विडियो को संज्ञान में लेते हुए संदीपन घाट थाना प्रभारी भुवनेश चौबे के द्वारा मामले की जांच पड़ताल की गई तो युवक का पता लगाया गया और मूरतगंज मेला बाग से तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया युवक की पहचान अरुण कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सवार्काजी थाना संदीपन घाट के रूप में हुई गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर मुकदमा 03/24 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है।

## 05 जनवरी को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-निदूरा, निजामपुर पुरैनी, बिगहरा उस्मानुपर, मर्दानपुर वर्जी, महमूदपुर एवं भोपतपुर में होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी** जनपद की ग्राम पंचायत-निदूरा, निजामपुर पुरैनी व बिगहरा उस्मानुपर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा मर्दानपुर वर्जी, महमूदपुर व भोपतपुर में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 05 जरवरी 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकार एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

## 12 जनवरी को आयुर्वेदिक अस्पताल में लगेगा मेडिकल कैंप

**कौशांबी।** सरकार के निर्देश पर 12 जनवरी 2024 को राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल भेलखा मंझनपुर में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की टीम की देखरेख में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें मरीजो के विभिन्न प्रकार के मर्ज का इलाज कुशल आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा 12 जनवरी को आयुर्वेदिक अस्पताल भेलखा में लगने वाले मेडिकल कैंप की तैयारी में अस्पताल के कर्मचारी लगे हुए हैं चिकित्सकों ने जिले के विभिन्न मर्ज के मरीजों से अपील की है कि वह आयुर्वेदिक अस्पताल भेलखा में लगने वाले मेडिकल कैंप में पहुंचे और अपने मर्ज की जांच कर इलाज कराएं।

# दरियापुर ग्राम पंचायत में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी वैन



**कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक के ग्राम पंचायत दरियापुर गांव में आज बृहस्पतिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गांव-गांव घर-घर पहुंचाना। जिससे लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में कृषि विभाग अधिकारी हरिओम गौतम, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर रमेश बाबू , समाज कल्याण विभाग से गजराज सिंह महिला बाल विकास से राधा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लाल बहादुर, विशिष्ट अतिथि जय सिंह गुरुजी, मंडल अध्यक्ष विवेक शुक्ला, आदि लोगों का दावा परिणाम हैं कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सफल आयोजन हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य मंत्री द्वारा लाइव प्रसारण कार्य किया गया जिसमें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के योजनाओ पर प्रकाश ध्यान आकर्षित किया गया इस मौके पर गांव के सैकड़ो पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे ग्रामीण विकास की योजनाओ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्य मंत्री द्वारा लाइव प्रसारण में शामिल हुए कार्यक्रम में कई योजनाओ की बात बताई गई जैसे उज्ज्वला योजना,पीएम किसान सम्मान निधि,पीएम आवास, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन तथा कई अन्य योजनाओ पर प्रकाश डाल कर सभी ग्रामीण जीवन को प्रभावित किया मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लाल बहादुर मंझनपुर विशिष्ट अतिथि जय सिंह गुरुजी व मंडल अध्यक्ष विवेक शुक्ला ग्राम प्रधान शुभम सिंह आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चार सवारी का परमिट भरते हैं 10 सवारी देखती रहती हैं पुलिस और एआरटीओ

**कौशाम्बी।** गलत तरीके से सड़कों पर चलने वाले विक्रम अप्पे ऑटो वाहनों की जांच पड़ताल के लिए बनाए गए कानून नियम और सरकार द्वारा बार-बार भेजे गए आदेश के बाद भी यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका है योगी सरकार के लगभग 7 वर्षों के कार्यकाल के बाद भी यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है चौपट यातायात व्यवस्था के चलते रोज दुर्घटनाएं होती हैं जांच के नाम पर केवल बाइक सवारो का शोषण किया जा रहा है सड़क पर दौड़ने वाले विक्रम ऑटो अप्पे वाहनों में चार से 6 सवारी का परमिट लेने के बाद 10 और 12 सवारी भरकर ओवरलोडिंग तरीके से पूरे दिन सड़कों पर वाहन दौड़ते हैं आधे से अधिक वाहन चालकों के पास चालक का कामर्सियल लाइसेंस नहीं है लेकिन फिर भी सड़क पर वाहन दौड़ते हैं दो तिहाई वाहनों की नंबर प्लेट और उनके वाहन एआरटीओ द्वारा बनाए गए नियमों को पूरा नहीं करते हैं लेकिन उसके बाद भी विक्रम अप्पे और ऑटो सड़क पर बेखौफ तरीके से दौड़ते हैं पूरे दिन डामर सड़क पर वाहन को खड़ा करके सवारी भरी जाती है काली सड़क वाहन स्टैंड बन गया है सड़क पर अचानक गाड़ी रोककर सवारियां उतारी जाती है लेकिन फिर भी इन वाहन चालकों पर कार्यवाही नहीं होती है आंकड़ों पर गौर करें तो जिले के विभिन्न सड़कों में 3000 से अधिक विक्रम अप्पे ऑटो सड़क पर प्रतिदिन सवारी ढोने में लगे हैं ई रिक्शा व अन्य साधन अलग से सड़क पर सवारी ढोते देखे जाते हैं मंझनपुर से भरवारी मूरतगंज महंगाव होते हुए इलाहाबाद की सड़क पर प्राइवेट बसें भी गलत तरीके से सड़कों पर दौड़ रही है शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती योगी सरकार के निर्देश एआरटीओ पर लागू नहीं होता है बालू के ओवरलोड वाहन भी पूरे दिन सड़कों पर दौड़ रहे हैं।



सड़कों पर दौड़ने वाले विक्रम ऑटो अप्पे पर इस कदर से यातायात पुलिस थाना पुलिस और एआरटीओ ने मेहरबानी बनाई हुई है कि पूरे वर्ष बीत जाने के बाद कभी कभार को छोड़ दिया जाए तो अप्पे ऑटो विक्रम पर जांच की कार्यवाही नहीं होती है जांच के नाम पर केवल सरकार को गुमराह किया जा रहा है जबकि पूरे दिन चार सवारी के परमिट पर 10 सवारी भरकर के ऑटो अप्पे सड़क पर दौड़ रहे हैं विक्रम में 6 सवारी के परमिट पर 12 सवारी भरकर वाहन सड़क पर दौड़ रहे हैं सड़कों पर जांच के नाम पर यातायात पुलिस के जवान उप निरीक्षक होमगार्ड प्रत्येक चौराहे के प्रत्येक वाहन स्टैंड पर खड़े हैं सड़कों पर पूरे दिन यातायात के नियमों का उल्लंघन हो रहा है प्रत्येक चौराहे के प्रत्येक वाहन स्टैंड पर चार होमगार्ड और सिपाहियों की ड्यूटी वाहनों की जांच पड़ताल करने के लिए लगाई गई है लेकिन वाहन अड्डों पर लगाए गए होमगार्ड के जवान और सिपाही पूरे दिन एक साथ खड़े होकर मटरगश्ती करते देखे जाते हैं हमेशा से इन पर वसूली का आरोप लग रहा है बिक्रम अप्पे ऑटो प्राइवेट बस आदि डग्गामार वाहनों की जांच करने से इनका कोई लेना देना नहीं होता है चौराहे पर लगने वाले जाम से भी इनका कोई लेना देना नहीं है गलत दिशा से आने वाले वाहनों को रोकने से भी इनका कोई लेना देना नहीं है आखिर प्रत्येक चौराहे के प्रत्येक अड्डे पर होमगार्ड के सिपाही और पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाने का क्या मकसद है गलत तरीके से निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां लेकर सड़कों पर दौड़ने वाले विक्रम अप्पे ऑटो की जब इन्हें जांच नहीं करनी है तो उनकी ड्यूटी लगाने का क्या मतलब है यातायात पुलिस थाना पुलिस एआरटीओ के कारनामों की कहानी सब कुछ खुल चुकी है वाहन चालक खुले आम बयानबाजी कर वर्दी को कलंकित कर रहे हैं जन-जन की जुबान में यातायात पुलिस थाना पुलिस और एआरटीओ की कहानी है लेकिन इनके कारनामों को कौन सार्वजनिक करें समझने वाले के लिए इशारे ही पर्याप्त होते हैं लेकिन ना समझने वालों के लिए सब कुछ कहने के बाद भी कुछ नहीं समझ में आता है क्षेत्र के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए जांच के नाम पर बाइक सवारों के उत्पीड़न को रोकने ओवरलोड चलने वाली अप्पे ऑटो विक्रम प्राइवेट बस बालू के ओवरलोड वाहनों की जांच करा कर इन पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है गलत तरीके से चलने वाले अप्पे विक्रम ऑटो प्राइवेट बस ओवरलोड बालू वाहन को संरक्षण देने वाली यातायात पुलिस थाना पुलिस और एआरटीओ के कारनामों की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों को दंडित कर भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लागू करने की मांग आम जनता ने योगी सरकार से की है।

संपादक की कलम से

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल का गवाह बन सकता है 2024

वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दूसरा खतरा चीन से है। चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। चीनी दुश्मन के साथ 8 फीसदी और उससे अधिक की वृद्धि के उन दिनों को भूल जाइये। अब चीन की अर्थव्यवस्था 5 फीसदी से भी कम बढ़ने का अनुमान है। इससे भी बुरी बात यह है कि चीन अब तक एक ऐसे आर्थिक मॉडल पर फला-फूला और विकसित हुआ है, जो लगातार बढ़ते निवेश का कारण बना।

आर्थिक पूवार्नुमान हमेशा खतरनाक होता है। वर्तमान परिदृश्य में तो यह और भी अधिक प्रासंगिक है। भविष्य को लेकर हमेशा कई तरह की अनिश्चितताएं बनी रहती हैं। लेकिन वर्तमान में ये विविध हैं। वास्तव में कोई नहीं जानता, जिसमें नाटककार भी शामिल है, अगले सप्ताह में क्या होगा, आने वाले वर्ष की तो बात ही छोड़ दें।

एक नमूना लीजिए। यह अनुमान लगाना किसी भी तरह संभव नहीं है कि गाजा युद्ध का स्वरूप क्या होगा। क्या यह मध्य पूर्व के क्षेत्र में अधिक व्यापक रूप से फूटेगा या वर्तमान युद्ध अंततः एक स्थायी समाधान की ओर ले जायेगा।

इसी तरह, यूक्रेन युद्ध में भी अनिश्चितता बनी हुई है। रूस ने अचानक यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिये हैं। शायद, यह यूक्रेन द्वारा क्रीमिया में नौसैनिक प्रतिष्ठानों पर विनाशकारी हमले से प्रेरित था जिसमें रूस का एक युद्धपोत डूब गया था। साथ ही, जमीनी युद्ध कहीं नहीं जा रहा है और न ही रूस और न ही यूक्रेन कोई महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। अर्थव्यवस्था अपने आवास और रियल एस्टेट क्षेत्र में व्यापक रुकावट के कारण संकट में है। डर है कि बड़े पैमाने पर प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण आवास वित्त कंपनियां डिफॉल्टर हो जायेंगी।

ताइवान को लेकर चीन का डर मानो बढ़ता ही जा रहा है। चीन अपना अभियान तेज कर रहा है और चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यूक्रेन को परेशान करने में रूस की नवीनतम सफलताओं से उत्साहित होकर, चीन अमेरिकी प्रतिक्रियाओं और भागीदारी को शामिल करते हुए ताइवान को भी धमकियां दे सकता है।

इनमें से कोई भी अप्रत्याशित घटना ऐसी ताकतों को ट्रिगर कर सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के मौजूदा संतुलन और विकास की गति को बिगाड़ सकती है। यह केंद्रीय बैंकों के साथ-साथ नीति निमार्ताओं के लिए भी प्रमुख चिंता का विषय है।

मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध का पहला शिकार तेल बाजारों में उथल-पुथल होगा। यदि कोई भी प्रमुख तेल उत्पादक इजराइल-हमास युद्ध में शामिल हो जाता है तो इसका तेल उत्पादन और आपूर्ति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। तेल उत्पादन और आपूर्ति में व्यवधान से कीमतें बढ़ेंगी और समग्र मूल्य स्तर प्रभावित होगा।

कई मायनों में मुद्रास्फीति में ताजा उछाल वैश्विक आर्थिक संभावना के लिए सबसे बड़ा झटका होगा। लगभग एक दशक तक स्थिर और कम कीमतों के बाद, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ रही है। कई अर्थशास्त्रियों ने मुद्रास्फीति को अतीत की चिंता बताया था और कम मुद्रास्फीति का युग शुरू हो गया था।

अमेरिकी मुद्रास्फीति बढ़ रही थी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने परिभाषित मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों के सामने बढ़ती दर चक्र शुरू कर दिया था। अमेरिका में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से अधिक हो गई थी और कुछ समय के लिए यह 8 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। युद्ध की समाप्ति के बाद से मुद्रास्फीति का ऐसा स्तर नहीं देखा गया। फिर बढ़ते दर चक्र और कुछ अन्य कारकों के साथ, मुद्रास्फीति कम होने लगी।

इतना कि फेडरल ने बढ़ते चक्र को उलटने और थोड़ी राहत देने के बारे में बातचीत शुरू कर दी है। इस समय मुद्रास्फीति में किसी भी उलटफेर का मतलब होगा कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर में बढ़ोतरी के साथ मुद्रास्फीति की लड़ाई फिर से शुरू कर सकता है।

पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्रियों के बीच यह चर्चा चल रही थी कि क्या बढ़ती मुद्रास्फीति और फेड के मुद्रास्फीति विरोधी पैकेज के साथ, अमेरिकी मंदी से बच सकता है। वास्तव में, यह मंदी शब्द अब अर्थशास्त्रियों के बीच सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। क्या मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई के बाद अमेरिका मंदी से बच पायेगा?

यह देखा गया है कि मुद्रास्फीति विरोधी उद्देश्यों के लिए मौद्रिक सख्ती के चक्रों के बाद पंद्रह से अठारह महीनों के अंतराल के बाद मंदी आती रहती है। ऐसे में, फेडरल रिजर्व ने चक्र को सख्त करना शुरू कर दिया था, जिससे अब मध्यम मुद्रास्फीति देखी जा रही है। लेकिन क्या मंदी आयेगी?

अमेरिकी में मंदी निश्चित रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को खत्म कर देगी और एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में हर कोई प्रभावित होगा। सौभाग्य से, अब तक, संयुक्त राज्य अमेरिका मंदी से बचा हुआ था और श्रमिक बेरोजगारी अब भी बहुत निचले स्तर पर है। अर्थशास्त्री यह परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका ने मंदी से कैसे बचा लिया और फिर भी ब्याज दरें बढ़ा दी गईं।

यह स्पष्टीकरण दिया जा रहा है कि अमेरिका अंततः मंदी की स्थिति से बच सकता है। अमेरिका सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करेगा, जो युद्ध के बाद से नहीं हुआ है। वह नीति निर्माण और आर्थिक प्रबंधन में एक चमत्कार होगा।

## ये अंदाज-ए-गुफ्तगू क्या है

**– सर्वमित्रा सुरजन**

आज तो ऐसा कोई कह ही नहीं सकता, क्योंकि आज तो गुफ्तगू का अंदाज ही यही है। संसद में सांसदों ने सवाल पूछने की जब भी गुस्ताखी की, उन्हें उसकी सजा मिली। पहले एक-दो, सांसदों का निलंबन होता था, अब एक साथ आधी से अधिक संसद को साफ कर दिया गया। सवाल पूछने वाले चिल्लाते रह गए ये कौन सा अंदाज है, जवाब में राष्ट्रधर्म, देशसेवा, लोकतंत्र, मयार्दा जैसे शब्दों के तीर छोड़ दिए गए।

बात तो अच्छे दिनों की हुई थी, लेकिन नौबत आ गई औकात पूछने और बताने की। हिट एंड रन पर बने नए कानून के विरोध में देश के कई राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल की थी और हड़तालियों से चर्चा के दौरान एक जिलाधिकारी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की नसीहत देते हुए एक ड्राइवर से कह दिया कि तुम्हारी औकात क्या है। बदले में ड्राइवर ने भी कह दिया कि हमारी कोई औकात नहीं है, इसलिए हाथ जोड़ कर विनती कर रहे हैं। मामले ने सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तूल पकड़ा तो अब उन जिलाधिकारी को पद से हटा दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि- 'अधिकारी का ऐसी भाषा बोलना उचित नहीं है। खासकर ये सरकार तो गरीबों की सरकार है।' मनुष्यता के नाते हमारी सरकार में ये भाषा स्वीकार नहीं है। मोहन यादव ने ये भी कहा कि मैं खुद मजदूर परिवार से निकला हुआ बेटा हूं।

अच्छा है कि ये बात नयी सरकार के लिए मुसीबतें बढ़ाती, इससे पहले ही संभाल ली गई। लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या दूसरों का दर्द समझने के लिए राज्य के मुखिया का मजदूर का बेटा होना और देश के मुखिया का चायवाला होना जरूरी है। सरकार को ये प्रचारित करने की जरूरत क्यों होती है कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है। अगर सत्ता संविधान के मुताबिक चले और सरकारें लोककल्याण को सर्वप्रथम रखकर काम करें, तो इस तरह की खोखली बातों की जरूरत ही नहीं होगी। न ही फिर ऐसी भाषा बोलने की हिम्मत सत्ता और धन की शक्ति से संपन्न लोगों को होगी।

# अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण में कांग्रेस हारी, सत्य जीता

अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला कांग्रेस और साथ ही उन तत्वों को बड़ा झटका एवं सबक है जो झूठ, स्वार्थ एवं अप्रामाणिकता की राजनीति करते हैं। इस मामले को लेकर अदाणी समूह के साथ केंद्र सरकार को भी घेरने में लगे कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों की पौल खुल गयी कि वे अपने राजनीतिक हितों के लिये देश का भी अहित कर सकते हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की तीन सदस्यीय पीठ ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सेबी की जांच में किसी तरह अनियमितता सामने नहीं आई और विशेष जांच दल गठित करने की कोई आवश्यकता नहीं। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी भी महत्वपूर्ण है कि ऐसी जनहित याचिकाएं स्वीकार नहीं की जा सकतीं, जिनमें पर्याप्त शोध की कमी हो और जो अप्रमाणित रिपोर्टों एवं तथ्यों को सच मानती हों। सेबी को 24 मामलों पर जांच को कहा गया था, जिनमें से 2 पर जांच बाकी है जिसे तीन माह में पूरी करने का सेबी को निर्देश दिया गया है। 22 मामलों में अडाणी पर किसी तरह का आरोप निश्चित नहीं हो पाया। निश्चित ही यह सत्य की जीत हुई है। झूठ के सहारे सच को ढकने की एक और कोशिश नाकाम हुई है। वैसे भी इस तरह झूठ जब जीवन का आवश्यक अंग बन जाता है तब पूरी पीढ़ी शाप को झेलती, सहती और शर्मसार होकर लम्बे समय तक बर्दाश्त करती है। यह विडम्बना है कि सत्य जब तक जूतियां पहनता है झूठ नगर का चक्कर लगा आता है। झूठ के सांड को सींग से नहीं पकड़ा जाता, उसकी नाक में नकेल डालनी होती है। जीवन के प्रत्येक क्षण में इससे लड़ना होता है। जीवन में झूठ का उन्मूलन ही सत्य का बद्धमूलन है।

सत्यमेव जयते- सत्य को सर्वोपरि मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपना कार्य किया है। लेकिन तथाकथित राष्ट्र-विरोधी राजनैतिक दल जनादेश की परिभाषा अपनी सुविधानुसार करते हुए स्वयं को कानून से ऊपर मानते हैं एवं भाग्य विधाता समझते हैं।



भारतीय संस्कृति के मूलमंत्र को समझने की शक्ति भले ही वर्तमान के इन तथाकथित राजनीतिज्ञों में न हो, पर इस नासमझी से सत्य का अंत तो नहीं हो सकता। अंत तो उसका होता है जो सत्य का विरोधी है, ईमानदारी से हटता एव सच को ढंकता है। अंत तो उसका होता है जो जनभावना के साथ विश्वासघात करता है। विदेशी एजेंसी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को आधार बनाकर देश के विकास में अनूठी भूमिका निभाने वाली शक्तियों को कमजोर करने की यह एक साजिश है, जो जनमत एवं जन-विश्वास के साथ धोखा है। अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का नजरिया न केवल आर्थिक-व्यापारिक शक्तियों के विश्वास को बल देता है बल्कि सत्य को भी मजबूती देता है। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी उन तत्वों को भी आईना दिखाती है, जो जनहित याचिकाओं का इस्तेमाल अपने निहित स्वार्थों, राजनीतिक संकीर्णता एवं राष्ट्र-विरोध को साधने के लिए करते हैं। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि कुछ तत्व ऐसे हैं, जिन्होंने जनहित याचिकाओं को एक उद्योग में तब्दील कर दिया है।

एक वर्ष पहले जब अमेरिकी शार्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने यह आरोप लगाया था कि अदाणी समूह अपने शेयरों में हेराफेरी कर रहा है तो उससे केवल इस समूह को ही नुकसान नहीं पहुंचा था, बल्कि भारत के असंख्य अमीर-मध्यवर्ग के निवेशकों के अच्छे-खासे पैसे भी डूब गए थे। यह भी ध्यान रहे कि हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह की साख पर आघात कर अच्छी-खासी कमाई भी कर ली थी। एक तथ्य यह भी है कि अदाणी समूह के खिलाफ हिंडबनर्ग की रिपोर्ट मोदी सरकार को घेरने का जरिया भी बन गई थी। संसद के भीतर और बाहर इसे लेकर खूब हंगामा हुआ था। राहुल गांधी ने इस मामले को खूब तूल दिया था। लेकिन अब राहुल हारे है और सत्य जीता है। यह कांग्रेस की हताशा एवं स्वार्थी राजनीति का घिनौना पक्ष है। मोदी विरोध एवं सत्ता की लालसा में उसने झूठे आश्वासन, झूठी योजना, झूठे आदर्श, झूठी परिभाषा, झूठा हिसाब, झूठे रिश्ते स्थापित किये हैं। चिन्तन में भी झूठ, अभिव्यक्ति में भी झूठ। यहां तक कि झूठ ने पूर्वाग्रह का रूप भी ले लिया है। एक झूठ के लिए सौ झूठ और उसे सही ठहराने के लिए अनेक तर्क। लगता है कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल झूठ बोलते ही नहीं, झूठ को ओढ़ भी लेते हैं।

आज का राजनीतिक जीवन माल गोदाम में लटकती उन बाल्टियों की तरह है जिन पर लिखा हुआ तो ह्वआगह्ल है पर उनमें भरा हुआ है पानी और मिट्टी। आर्थिक झूठ को सहन किया जा सकता है लेकिन नीतिगत झूठ का धक्का कोई समाज या राष्ट्र सहन नहीं कर सकता। कांग्रेस लगातार नीतिगत झूठ के सहारे ऐसी राजनीति कर रही है जो राष्ट्र-विकास का एक बड़ा संकट है। झूठ कभी भी सत्य का स्थान नहीं ले सकता, वह सदैव निस्तेज रहता है। झूठ के पंख होते हैं, पांव नहीं। झूठ के इतिहास को गर्व से नहीं शर्म से पढ़ा जाता है। हर लड़ाई झूठ से प्रारम्भ होती है पर उसमें जीत सत्य से ही होती है। निश्चित तौर पर अडानी-हिंडनबर्ग रिसर्च विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला अहम तो है ही, यह कई नाजुक एवं संवेदनशील पहलुओं को बेहद संजीदगी से स्पर्श करता है। राजनीतिक विवाद एवं महत्वाकांक्षा का हिस्सा होने की वजह से इस मसले से जुड़े कई पहलू आपस में उलझे थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के सामने जब यह मामला आया तो उसने अपना ध्यान इसके बुनियादी सवालों पर केंद्रित रखा। यही नजरिया फैसले में भी स्पष्ट झलकता है। यह फैसला मुख्यतः हिंडनबग रिपोर्ट की प्रामाणिकता, सेबी की स्वायतत्ता एवं अडाणी ग्रूप की विश्वनीयता से जुड़ा है, इसमें फैसला करते हुए दूध का दूध एवं पानी का पानी किया गया है। जहां तक सेबी के अधिकार क्षेत्र का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट ने असाधारण संवेदनशीलता का परिचय देते हुए न सिर्फ अपनी सीमाओं का खयाल रखा बल्कि संस्थानों की स्वायत्तता के सिद्धांत को नए सिरे से रेखांकित किया। यह इस बात का संकेत है कि जब तक नियमों, कानूनों के उल्लंघन के स्पष्ट सबूत न हों तब तक इन नियामक निकायों के कामकाज में दखल देने से बचने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अदाणी समूह के चेयरमपर्सन गौतम अदाणी ने ट्वीट किया, ह्यसुप्रीम कोर्ट का फैसला दिखाता है कि सच्चाई की जीत हुई है। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा ह्ल अनेक संकटों एवं आरोपों को झेल कर अडाणी तो और तेजी से विकास का नया इतिहास लिखने को दौडेगा, लेकिन प्रश्न है कि राहुल गांधी अपनी कीचड़ उछालने की राजनीति का परित्याग कब करेंगे? कांग्रेस की यह स्थिति केवल इसलिए उत्पन्न हुई कि कांग्रेस वोट की राजनीति के लिए जैसी अनुकूलता चाहती हैं, वैसी सच्ची बात कहकर पैदा नहीं कर पा रही है। इस बात की अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुना रहा था, तब लगभग उसी समय तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अदाणी समूह के प्रबंध निदेशक से मुलाकात कर रहे थे। महत्वपूर्ण केवल यह नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने सेबी की अब तक की जांच को सही पाया, बल्कि यह भी है कि उसने विदेशी संस्थाओं की रपट पर आंख मूंदकर भरोसा करने से इन्कार किया। यह ध्यान रहे कि कुछ समय पहले उसने यह कहा था कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जो कुछ कहा गया है, उसे पूरी तरह सही नहीं माना जा सकता। वैसे भी भारत के अन्दरूनी मामलों में किसी विदेशी एजेंसी की रिपोर्ट को वे ही लोग प्रमुखता दे सकते है, जिनके कोई-न-कोई आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह होते हैं। मोदी सरकार से खुन्नस खाने वाले अरबपति निवेशक जार्ज सोरोस से जुड़ी संस्था ओसीसीआरपी के आरोपों को महत्व देने से इन्कार कर सुप्रीम कोर्ट ने दुराग्रही राजनैतिक पार्टियों एवं उनके नेताओं को सबक दिया है। आर्थिक एवं व्यापारिक शक्तियों सहित शासन-व्यवस्था को परेशान करने वाली संदिग्ध इरादों वाली हिंडनबर्ग और ओसीसीआरपी जैसी संस्थाएं भविष्य में अपनी साजिशों में सफल न हो, इसके लिये सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए।

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई॰ पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

# धरती की सुरक्षा निहित है श्रीराम के प्रकृति-प्रेम में

**– ललित गर्ग –**

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीराम मन्दिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को करेंगे, निश्चित ही श्रीराम के इस पांच सौ वर्ष के टेंटवास के वनवास से स्व-मन्दिर में स्थापित होने की घटना वास्तविक दीपावली एवं खुशी का अवसर है, जिससे भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मयार्दा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना



वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।

आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

प्रकृति, पर्यावरण और प्रगति के मध्य अन्तः सम्बन्ध है जिनके प्रति मानवीय दृष्टिकोण सांस्कृतिक विरासत एवं श्रीराम के जीवन से निर्मित एवं विकसित होता है और इस संदर्भ में भारतीय हिन्दू संस्कृति की वैश्विक भूमिका प्राचीनकाल से ही मानी गयी है। बाल्मीकि रचित रामायण से लेकर तुलसीदास रचित रामचरित मानस में प्रकृति चित्रण, पर्यावरण संचेतना, पर्यावरण संरक्षण का विस्तृत उल्लेख किया गया है। वास्तव में हिन्दू धर्म एक विशिष्ट पूजा पद्धति, आस्था तक ही सीमित नहीं है वरन जैसा कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी हिन्दू धर्म को परिभाषित करते हुए कहा है कि हिन्दूधर्म एक जीवनशैली है। हिन्दू धर्म की इस जीवनशैली में धर्म तथा पर्यावरण में सह-सम्बन्ध माना गया है। जिसके अन्तर्गत पर्यावरण प्रकृति के साथ मानव द्वारा उचित, संवेगात्मक, संवेदनात्मक एवं सामन्जस्यपूर्ण सम्बन्ध निभाना ही उसका धर्म है। पृथ्वी को धरती माता के रूप में पूजित माना गया तथा सूर्य, जल, वायु, वृक्ष, अग्नि सभी को देवता मानकर पूजनीय माना गया। केवल यही नहीं विभिन्न देवी-देवताओं के वाहक के रूप में विभिन्न पशु-पक्षियों की भी आराधना की पद्धति विकसित की गयी। जल, वायु को दूषित करना, वृक्षों का अनावश्यक रूप से काटने को पाप माना जाता था क्योंकि उस समय ऋषि, मुनियों को पर्यावरण के इन महत्त्वपूर्ण घटकों के महत्त्व का ज्ञान था। तत्त्कालीन भारतीय सामाजिक जीवन में पर्यावरणीय तत्त्वों के साथ सामंजस्य की भावना धर्म से जुड़ी हुई थी।

रामराज्य वन क्षेत्रों से भरा था। सभी वृक्ष हरे-भरे पुष्प तथा फल सम्पन्न थे।

# रेल की खिड़की वाली सीट

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

एक समय की बात है, मीलों लंबी रेलवे पटरियों के देश में, ट्रेनों में रहस्यमय, प्रतिष्ठित और अत्यधिक मांग वाली जगह - खिड़की की सीट - के बारे में एक किंवदंती मौजूद थी। हां, आपने इसे सही सुना। ट्रेन की साधारण खिड़की वाली सीट कोई साधारण सीट नहीं थी। यह यात्रियों के बीच एक प्रतिष्ठित, लगभग पौराणिक, विवाद का मुद्दा था, और यदि आप इस पर अपना दावा करने का साहस करते हैं, तो महाकाव्य अनुपात की लड़ाई के लिए तत्पर भी रहना चाहिए।

यह सब "सभी सवार हैं!" की घोषणा के साथ शुरू हुआ। चूँकि यात्री अपने निर्धारित स्थानों को ढूँढ़ने की जल्दी में थे। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची तो खिड़की वाली सीट के लिए होड़ शुरू हो गई। आप लोगों को एक छोटी, गंदी खिड़की के माध्यम से मायावी बाहरी दुनिया की एक झलक पाने के लिए भीड़ भरी ट्रेन में दौड़ते, धक्का मारते और कोहनी मारते हुए लोग आसानी से दिख जायेंगे। लेकिन आइए एक पल रुकें और इस मायावी सीट के पीछे के कारणों पर विचार करें। खिड़की की सीट के बारे में ऐसा क्या है जो अन्यथा तर्कसंगत व्यक्तियों को दृढ़, एक-दिमाग वाले योद्धाओं में बदलने का कारण बनता है, जो गुजरते दृश्यों को देखने के अवसर के लिए युद्ध करने के लिए तैयार होते हैं? ऐसा लगता था कि खिड़की की सीट में एक विशेष शक्ति थी - बाहर के बदलते दृश्यों से मंत्रमुग्ध होकर, बैठे हुए व्यक्ति को ट्रान्स जैसी स्थिति में ले जाने की शक्ति।

अब, आप सोच रहे होंगे, "खिड़की वाली सीट में आखिर कौन सी बड़ी बात है?" खैर, जो लोग ट्रेन यात्रा की कला से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए खिड़की की सीट आपकी थकी हुई हड्डियों को आराम देने की जगह से कहीं अधिक है। यह एक गौरवशाली सिंहासन, एक लक्ष्य, एक प्रतिष्ठा का प्रतीक और शायद, जीवन का एक तरीका भी है।

सबसे पहले, आइए इसके एगोनोमिक कौशल पर गौर करें। खिड़की की सीट, अपने आर्मरेस्ट के साथ, एक आरामदायक कोना जो किसी के साथ साझा नहीं किया जाता है, और एक अबाधित दृश्य, एक लंबी ट्रेन यात्रा पर आराम का प्रतीक है। खिड़की की सीट की साइड टेबल एक अचानक भोजन स्थल, एक कार्य केंद्र और एक बेचैन यात्री की बेचैन उंगलियों के लिए एक अंतहीन खेल का मैदान के रूप में कार्य करती है।

खिड़की की सीट हरे-भरे घास के मैदानों से लेकर राजसी पहाड़ों, सुरम्य गांवों और हलचल भरे शहरों तक, परिदृश्यों का एक कभी-बदलने वाला बहुरूपदर्शक प्रस्तुत करती है। जैसे-जैसे ट्रेन आगे बढ़ती है, खिड़की की सीट पर बैठा व्यक्ति प्रकृति के भव्य रंगमंच का दर्शक बन जाता है, और विस्मयकारी आँखों से दृश्यों का आनंद लेता है। यह एक सुपर-आकार, हाई-डेफिनिशन, 3डी टेलीविजन के बाहर की दुनिया से लाइव स्ट्रीमिंग जैसा लगता है।

इसे चित्रित करें तो मानो ऐसा लगता है कि एक अकेला यात्री एक खाली खिड़की वाली सीट देखता है और उसके लिए दौड़ता है, लेकिन अंतिम क्षण में उपद्रवी किशोरों के एक समूह द्वारा उसे निराश कर दिया जाता है। एक बुजुर्ग जोड़ा सीट की ओर बढ़ता है, उनकी आंखें उम्मीद से भरी होती हैं, लेकिन एक चतुर, तेज-तर्रार यात्री जो पुरस्कार जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित होता है, उससे आगे निकल जाता है।

जैसे ही ट्रेन चलने लगती है, खिड़की वाली सीट की चल रही कहानी सामने आने लगती है। जिस किसी ने भी खिड़की वाली सीट पर बैठने की हिम्मत की है, उसे सहयात्रियों के अनुरोधों की झड़ी लगानी पड़ी है, जो कुछ ही क्षणों के लिए प्रतिष्ठित सिंहासन पर बैठने का मौका पाने के लिए छटपटा रहे हैं। खिड़की की सीट पर बैठे किसी निर्दोष व्यक्ति के लिए यह असामान्य बात नहीं है कि वह इस रस्साकशी के बीच में फंस जाए कि वहां अगला कौन बैठेगा, क्योंकि उनकी सीट ईर्ष्या और इच्छा की मुख्य अचल संपत्ति बन जाती है।

## लेखाकार पद पर पदोन्नति होने पर किया सम्मान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लेखा संवर्ग परिवार ने समाज कल्याण अधिकारी के यहां कार्यरत संदीप वर्मा सहायक लेखाकार व कर्वी ब्लाक में कार्यरत सहायक लेखाकार संतोष प्रकाश के लेखाकार पद पर पदोन्नति होने पर सम्मान समारोह किया।

गुरुवार को सीतापुर स्थित एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी ग्राम्य विकास मो यूनुस ने कहा कि कम समय में लेखाकार पद पर प्रोन्नति हुई है। दोनों को बधाई देते हुए कहा कि लेखा संबंधी जो कार्य करें, सभी वित्तीय नियमावली अनुसार करें। कार्य करने में कोई परेशानी आये तो वरिष्ठ से जानकारी प्राप्त कर लें, तभी कार्य करें। वित्तीय अनियमितता बड़ी अनियमितता होती है। लेखा से सम्बद्ध सभी कर्मियों को वित्तीय नियमावली अनुसार कार्य करना चाहिए। उप्र लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन चित्रकूट अध्यक्ष/लेखाकार लघु सिंचाई हर्ष प्रसाद पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह, महामंत्री अतुलकांत खरे ने संदीप वर्मा, संतोष प्रकाश के लेखाकार पद पर पदोन्नति होने पर बधाई देते हुए कहा कि सब जानते हैं कि नई भूमिका में प्रभाव डालेंगे। फाइनेंशिल हैण्ड बुक के जितने भी उपयोग हैं, उनका भी समय-समय पर अध्ययन करते रहें, ताकि वित्तीय नियमों की जानकारी हो सके। इस मौके पर लेखाकार धीरेंद्र सिंह, लेखाकार मोहन कुमार श्रीवास्तव, लेखाकार रमेश कुशवाहा ने संतोष प्रकाश व संदीप वर्मा को माला पहनाकर सम्मानित किया। संचालन लेखाकार अतुलकांत खरे ने किया।



सम्मान करते लेखाकार।

## मतदाता सूची में युवक-युवतियों के बढायें नामः एसडीएम

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील में उपजिलाधिकारी रामजन्म यादव की अगुवाई में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएलओ की बैठक में निर्देश दिये कि मतदाता सूची महिला-पुरुष की तैयार करने में जुट जायें। बिन्दुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि बूथों में महिला-पुरुष का अनुपात बढायें।

गुरुवार को मानिकपुर तहसील में एसडीएम रामजन्म यादव ने बीएलओ की बैठक कर निर्देश दिये कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची तैयार करने में तेजी से जुट जायें। जो लोग 18 साल के पूरे हो गये हैं, युवक-युवती के नाम मतदाता सूची में बढाये जायें। सूची सही ढंग से तैयार की जाये। मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटा दें। मतदाता सूची में गांव, पुरवा व वार्ड तथा मोहल्ले वाइज नाम में गडबडी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव दौरान किसी मतदाता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में नायब तहसीलदार व खंड शिक्षाधिकारी तथा बीएलओ मौजूद रहे।


समीक्षा बैठक में बोलते एसडीएम।

## जूहा स्कूल शिक्षक संघ रामनगर-मऊ के चुने गये अध्यक्ष-मंत्री


निर्वाचित पदाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक रामनगर व मऊ के चुनाव रामनगर में पर्यवेक्षक प्रेमचन्द्र शिवहरे व चुनाव अधिकारी संजीव श्रीवस्तव की देखरेख में हुए।

गुरुवार को चुनाव अधिकारी ने नामांकन पत्रों के वितरण व जांच तथा नामांकन वापसी बाद रामनगर अध्यक्ष पद पर श्रीनारायण पाण्डेय व मंत्री पद पर राघवेन्द्र तिवारी तथा मऊ में अध्यक्ष पद पर शिवबाबू शुक्ला व मंत्री पद पर रामशंकर यादव के नामांकन मिले। दोनों स्थानों के नामांकन सही मिलने पर चुनाव अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विजय कुमार पांडे, जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय, बद्री नरायण दीक्षित, सुरेश द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव, प्रेमचन्द्र शिवहरे, ब्रम्हदीन मिश्रा, लवलेश मिश्रा, शिवभूषण त्रिपाठी, ऋषि पाण्डेय, सौरभ श्रीवास्तव, रमाशंकर यादव, राधेश्याम सिंह, शंकरदयाल राजपूत, गौरव सिहं, पवन पाण्डेय, नीलाभ गुप्ता, सुजीत कुमार पाण्डेय, रजनीश, अजय कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## 22 को राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा पर बांटे पत्र-चावल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कामदगिरि परिक्रमा मार्ग से होकर गांव-गली में लोगों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा शुभारंभ पर भव्य रोशनी कर कलश यात्रा निकाली गई। गुरुवार को भागवत कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने बताया कि लोगों को पत्र भेजे गये हैं। भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर व्यापारी भाइयों से उन्होंने भेंट की। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सभी लोग पूरे बाजार में रोशनी व दिया जलाकर भव्य पर्व मनायेंगे। इस मौके पर वार्ड मेम्बर अरुण कुमार उर्फ जग्गू ने बताया कि रोशनी समेत चतुर्भुजेश्वर मंदिर में भव्य श्रृंगार किया जाएगा। प्रत्येक दुकानदार से दीपक जलाने की अपील कर रहे हैं। श्रीराम जी के अयोध्या में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में मिष्ठान बांटा जायेगा। इस मौके पर वार्ड मेम्बर अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला महामंत्री रमाकांत पांडे आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों में जातिवादी भाषा बोलने वाले शिक्षकों को करें निलम्बित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सावित्री बाई फुले की जयंती पर अखिल भारतीय नारीवादी मंच ने सरकारी स्कूलों में अनुसूचित जाति छात्रों से भेदभाव पर चिंता जताई। सात सूत्रीय मांग पत्र भेजकर समस्या निराकरण की मांग की।

गुरुवार को अखिल भारतीय नारीवादी मंच के शुभारम्भ बाद पत्रकार मीरा जाटव ने बैठक में कहा कि इस मंच से सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख, फुलो मुर्मू, झानो मुर्मू अग्रणी नारीवादियों की विरासत को आगे बढ़ाया जायेगा। सभी नारीवादी प्रणेताओं व संघर्षों से प्रेरणा ली जाएगी। जिन्होंने पितृ सत्ता को खत्म करने में सार्थक, सामाजिक, राजनीतिक परिवर्तन लाने की लड़ाई बहादुरी से लड़ी है। जिले के सरकारी स्कूलों में खुलेआम जातिगत भेदभाव के मामलों को गम्भीरता से लेकर कार्यवाही होनी चाहिए।

वर्ष 2023 में सोनेपुर व तरांव के सरकारी स्कूल में अनुसूचित जाति छात्रों को बेरहमी से पीटा गया। शिकायत के बाद विभाग ने कुछ नहीं किया। दोनों मामलों में हुई जांच रिपोर्ट का खुलासा होना चाहिए। स्कूलों में अनुसूचित जाति छात्रों से सफाई, कटाई, मध्यान्ह भोजन बनवाने का काम बंद होना चाहिए। सफाई सबकी जिम्मेदारी में सभी छात्रों को हिस्सा लेना चाहिए। जातिवादी भाषा व अपशब्दों का प्रयोग करने वाले शिक्षकों को निलम्बित करना चाहिए। इस मौके पर वनांगना संस्था, पहल ट्रस्ट, उम्मीद फाउंडेशन, आगाम फाउंडेशन, प्रगति माध्यम समिति आदि क्षेत्रीय संस्थायें मौजूद रहीं।


जातिवादी भाषा का विरोध जताते संगठन।

## नौ जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा, मोटरबाइकें सीज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अरविंद कुमार सिंह की टीम ने ताश के पत्तो में हार-जीत की बाजी लगाते नौ लोगों को रंगेहाथ दबोचा है।

गुरुवार को रैपुरा थाने के दरोगा अरविन्द कुमार सिंह की टीम ने राजेश सिंह पुत्र लाल साहब बसिंघा, राहुल पांडेय पुत्र जगत नारायण रेरूवा बुधवल, नंदलाल पुत्र देवराम पाल पहाड़ी, शंकर कोरी पुत्र शिवशरण देउंधा, विनोद कुमार पुत्र अमरीशदत्त लोधौरा बरेठी, शिवकल्याण पुत्र भैरव प्रसाद पहाड़ी, शाह आलम पुत्र जमालुद्दीन पहाड़ी, जीतू पांडे पुत्र लक्ष्मीकांत इटवा व अंसार अली पुत्र बाकर अली पहाड़ी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे मालफड़ से 5500 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 2600 रुपये, एक चटाई, छह फोन, दो मोटरबाइक बरामद की हैं। सभी के खिलाफ जुआ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर बरामद बाइकों को सीज किया है। टीम में दरोगा अरविंद कुमार सिंह, दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही तिलक राज, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह व मंगल पाल शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

## दहेज हत्या वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह की टीम ने दहेज हत्या, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व हत्या के प्रयास में वांछित अच्छन अली पुत्र साबिर अली निवासी मर्का जिला बांदा को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह व सिपाही विवेक कुमार शामिल रहे।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले को दबोचा

### शस्त्र निरस्तीकरण को डीएम को भेजी आख्या

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने पिछले दिनों घर की छत से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से राइफल भी बरामद की है।

गुरुवार को चैकी शिवरामपुर प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी ने वांछित घनश्याम सिंह पुत्र स्व कुबेर सिंह निवासी भैसौंधा रोड को घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी राइफल व पांच खोखा तथा 315 बोर के कारतूस समेत दबोचा है। ज्ञात है कि एक जनवरी की रात आरोपी घनश्याम सिंह ने लाइसेंसी राइफल से शिवभवन पटेल पुत्र शिवप्रकाश निवासी भैसौंधा रोड को जान से मारने की गरज से फायर किया था। घटना बाबत कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण को जिलाधिकारी को आख्या भेजी गई है। टीम में चैकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही नरेन्द्र कुमार व श्यामू शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में फायरिंग करने वाला।

## दो के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

गुरुवार को सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्य ने धनपत निषाद पुत्र श्यामा निषाद निवासी लोसरिहा वार्ड पांच थाना नयागांव सतना मप्र को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में मानिकपुर थाने के दरोगा रामेश्वर प्रसाद ने लल्लन सोनकर पुत्र बच्चा निवासी शिवनगर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## अवैध वेंडर स्टेशन में बेंच रहे चाय की जगह जहर

### मानिकपुर रेलवे स्टेशन के हाल-बेहाल

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर रेलवे स्टेशन में बड़े पैमाने पर अवैध वेंडरों के चलते भारी अराजकता फैल रही है। रेलवे स्टेशन में कुछ दिनों पहले कुछ स्टालों का ठेका हुआ है, किसी ठेकेदार ने कोई बेस किचन न खोलकर स्थानीय लड़कों को तीन सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से चाय बेंचने को लगा रखा है।

मानिकपुर रेलवे स्टेशन में अवैध वेंडरों की भरमार का खुलासा गुरुवार को हुआ। बताया गया कि प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर चार तक अवैध वेंडरों को चाय बेंचने की अनुमति ठेकेदार दिये हैं। ये अवैध वेंडर तीन सौ रुपये में मिलावटी एवं सिंथेटिक दूध की चाय खुलेआम बेंच रहे हैं। ठेकेदार को तीन सौ रुपए रोज के हिसाब से पैसा दे रहे हैं। ये कैसी चाय या कहां से बनाकर बेंच रहे है, ठेकेदार को इससे कोई सरोकार नहीं है।

जिम्मेदार अधिकारी अवैध वेंडरों पर नकेल कसने की बजाय अपना हिस्सा लेकर खामोश हैं। अधिकारियों की खामोशी से मुंबई हावड़ा रूट पर आने-जाने वाली पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों पर किराये के वेंडरों से यात्रियों को चाय पिलाई जा रही है। चाय की जगह लोगों को मीठा जहर दिया जा रहा है। अवैध वेंडर दूध की जगह सिंथेटिक दूध की चाय बेंच रहे हैं। अवैध वेंडरों के खिलाफ अधिकारी कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे।

## कोतवाली पुलिस ने तमंचा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने लउवा उर्फ लवलेश निषाद पुत्र पप्पू निषाद निवासी किंग्सन स्कूल पुरानी बाजार के कब्जे से तमंचा 315 बोर व एक कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह व सिपाही आकाश कुमार शामिल रहे।

## 20 तक आडिटोरियम करायें हैण्ड ओवरः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना के तहत निमार्णाधीन मल्टीपरपज काम्पलेक्स ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि एक्सईएन विद्युत से तालमेल बनाकर विद्युत कार्य में प्रगति करायें।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने आडिटोरियम का निरीक्षण कर फ्लोरिंग बाबत जानकारी ली। निर्देश दिये कि जल्द कार्य पूरा करायें। कार्यदाई संस्था से कहा कि जो रेलिंग में खाली जगह है, उसमें रामायण थीम के तहत ग्लास लगवायें। अन्य फ्रेम में फाइबर शीट लगवायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थलों पर अभी मिट्टी भराई नहीं हुई, मिट्टी डलवाकर पानी भरवायें, ताकि मिट्टी बैठ जाये।

उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के गेट अच्छी क्वालिटी एवं सुंदर होने चाहिए। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि दो दिन के अंतराल पर निरीक्षण करते रहें। कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया कि 20 जनवरी तक आडिटोरियम तैयार होकर हैंड ओवर करायें। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी व कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रामफल मौजूद रहे।


आडिटोरियम का निरीक्षण करते डीएम आदि।

## बांदा ने सीतापुर को छह विकेट से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनामेंट के ग्रुप सी का लीग मैच सीतापुर व बांदा के बीच हुआ। सीतापुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट खोकर 181 रन बनाकर 182 का लक्ष्य दिया।

गुरुवार को सीतापुर से बल्लेबाजी करते हुए कुनाल ने 66 गेंद में 101 रन, सिद्धार्थ ने 20 गेंद में 14 रन बनाये। बांदा से गेंदबाजी कर जय ने पांच ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट व अक्षत ने पांच ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य पाने को बांदा के नेशानदार ने 20.1 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बांदा से बल्लेबाजी कर सांतनु ने 44 गेंद में 68 रन, अजय ने 27 गेंद में 50 रन बनाये। सीतापुर से निशांत ने चार ओवर में 36 रन तीन विकेट, आशुतोष ने पांच ओवर में 28 रन दिए। मैन ऑफ द मैच जय रहे। बांदा ने मुकाबले को छह विकेट से अपने नाम किया।

आज के मैच के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, विशिष्ठ अतिथि/अध्यक्ष पायनियर्स क्लब केशव शिवहरे व तिरुपति ज्वैलर्स के मालिक राजू बनारसी उर्फ राजेश अग्रवाल रहे। अंपायर प्रेम नारायण व हैदर जहान, स्कोरर विजय, सौरभ नाहर, समसुद्दीन, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## गांजा समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह की टीम ने धर्मेंद्र गुप्ता पुत्र विजय कुमार निवासी सीतापुर राघवपुरी को पांच सौ ग्राम गांजा समेत दबोचा है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह व सिपाही विवेक कुमार शामिल रहे।

## गांजा तस्कर को तीन वर्ष की सजा-दस हजार जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से न्यायालय ने गांजा तस्करी के आरोपी को तीन वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

गुरुवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने भरतकूप में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के आरोपी अकमल खान पुत्र अजमल खान निवासी गुसियारी थाना मौदहा जिला हमीरपुर को तीन वर्ष की सजा व दस हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया।ज्ञात है कि 29 मई 2022 को भरतकूप थाने के पूर्व दरोगा शैलेन्द्र कुमार की टीम ने अकमल खान को चार किलो 210 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया था। विवेचक कृपानन्दन शर्मा ने विवेचना कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में 28 जून 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया था।

# भारत ने नेपाल के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के लिए दिए 100 करोड़ रुपये

**काठमांडू।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपनी दो दिवसीय नेपाल यात्रा के दौरान गुरुवार को नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों में पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है।

नेपाल के जाजरकोट और रूकुम जिले में पिछले साल भूकंप के कारण हुई तबाही के बाद वहां पुनर्निर्माण जरूरत को देखते हुए भारत ने यह आर्थिक सहायता दी है।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की मौजूदगी में इस संबंध में दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किये गए। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद के साथ



द्विपक्षीय वार्ता के बाद नेपाल को पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये दिए जाने संबंधी समझौते पर नेपाल की तरफ से वित्त सचिव कृष्णहरि पुष्कर और भारत की तरफ से नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। नेपाल के सुदूर पश्चिम इलाके आए भूकंप के कारण 40 हजार से अधिक घर तबाह हो गए थे। जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में सबसे अधिक नुकसान हुआ था। उस समय भी भारत ने सबसे पहले मानवीय सहायता भेजी थी। इन भूकंप प्रभावित इलाकों के लिए राहत सामग्री की पांचवीं खेप आज विदेश मंत्री जयशंकर की उपस्थिति में नेपाल सरकार को सौंपी गई।

# जनकपुरधाम से श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के लिए निकली "भार यात्रा" 6 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी

**काठमांडू।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए माता सीता के मायके जनकपुरधाम से परम्परागत रूप से भेजे जाने वाला भार रवाना किया गया है। जनकपुरधाम स्थित जानकी मन्दिर सहित आम जनता द्वारा दिए गए उपहारों को लेकर भार यात्रा जनकपुरधाम से आज रवाना हुई है।




जानकी मन्दिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोश दास ने कहा कि जनकपुरधाम से निकली यह भार यात्रा महोत्तरी के जलेश्वर, सलार्री के मलंगवा होते हुए सिमरौनगढ़ तक की यात्रा करने के बाद प्रसिद्ध गढ़ीमाई के मन्दिर में विशेष पूजा सहित दर्शन करने के बाद बीरगंज में रात्रि विश्राम करेगी। 5 जनवरी को बीरगंज से बाल्मिकीनगर, बेतिया, बगहा कुशीनगर, सिद्धार्थनगर होते हुए गोरखपुर के रास्ते रात तक अयोध्या पहुंचेगी।

06 जनवरी को जानकी मन्दिर के तरफ से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को यह भार समर्पण किया जाएगा। इस भार में स्वर्ण आभूषण, चांदी के बर्तन, वस्त्र, 11 प्रकार के फल, 51 प्रकार के मिष्ठान सहित कई अन्य वस्तुएं शामिल है। इन भार को अपने माथे पर लेकर जानकी मन्दिर से मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सरोज यादव, जनकपुरधाम के सांसद एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री बिमलेन्द्र निधि, जनकपुरधाम के मेयर मनोज साह सहित पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों ने जनकपुर शहर का परिक्रमा की थी।

# जापान में एयरपोर्ट पर दो विमानों की टक्कर मामले में जांच शुरू

**टोक्यो।** जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर दो विमानों की टक्कर के बाद लगी आग मामले में बुधवार को परिवहन अधिकारियों और पुलिस ने अलग-अलग जांच शुरू कर दी है। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी।

परिवहन सुरक्षा अधिकारी हवाई यातायात नियंत्रण अफसरों तथा विमानों के पायलटों के बीच हुई बातचीत के आधार पर जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि विमानों के टकराने की वजह क्या थी। पुलिस ने भी संभावित लापरवाही की जांच शुरू कर दी है। टोक्यो पुलिस ने कहा कि जापान एयरलाइंस का यात्री विमान एयरबस ए-350 था, जिसने साप्पोरो शहर के पास शिन चिटोस हवाई अड्डे से हानेडा के लिए उड़ान भरी थी। तटरक्षक विमान सोमवार को क्षेत्र में आए भीषण भूकंप से प्रभावित निवासियों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए निगाटा की ओर जाने वाला था।

जापान परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने कहा है कि जांचकर्ता दोनों विमानों के पायलटों और अधिकारियों के साथ-साथ हवाई यातायात नियंत्रण के अफसरों से पूछताछ करने की योजना बना रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि दोनों विमान एक साथ रनवे पर कैसे पहुंचे।

# नेपाल और भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली व्यापार संबंधी समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है। ऊर्जा मंत्रालय में आयोजित एक समारोह के बीच दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किये। इससे अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय नेपाल यात्रा पर हैं। इसी दौरान गुरुवार को नेपाल के ऊर्जा मंत्री शक्ति बस्नेत की उपस्थिति में नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव गोपाल सिग्देल और भारत के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने बिजली व्यापार संबंधी द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ह्यप्रचंडह्ल की पिछले साल भारत



यात्रा के दौरान दीर्घकालिक ऊर्जा पर बनी सहमति के आधार पर हुआ है। उस समय भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर सहमति होने की घोषणा करते हुए अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली नेपाल से आयात करने की बात कही थी।

भारत की केंद्रीय कैबिनेट पहले ही बिजली आयात समझौते को मंजूरी दे चुकी है। इस समझौते के बाद भारत की सरकारी और निजी क्षेत्रों की विभिन्न कंपनियां अल्पावधि, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक बिजली खरीद बिक्री समझौते कर-के बिजली प्राप्त कर सकेंगी। नेपाल और भारत के निजी क्षेत्र भी आवश्यक समझौता करके बिजली का आयात और निर्यात कर सकेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री ह्यप्रचंडह्ल ने इस समझौते को ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार ने अगले 10 वर्षों में कुल 28 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य के साथ एक ऊर्जा विकास रणनीति भी तैयार की है। घरेलू खपत के लिए 13 हजार मेगावाट और भारत सहित अन्य देशों को निर्यात के लिए 15 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

निजी क्षेत्र ने भी इस समझौते का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे नेपाल के ऊर्जा क्षेत्र में विकास का द्वार खुल जाएगा। नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ के अध्यक्ष चन्द्र ढकाल ने बताया कि सरकार का लक्ष्य निजी क्षेत्र को साथ लेकर ऊर्जा क्षेत्र के विकास में गुणात्मक बदलाव लाना है।

# इमरान खान ने नामांकन पत्र खारिज किए जाने को चुनौती दी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पंजाब में नेशनल असेंबली की दो सीटों के लिए उनके नामांकन पत्रों को खारिज किए जाने के बाद बुधवार को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

लाहौर के निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को पंजाब के लाहौर और मियांवाली जिलों में नेशनल असेंबली (संसद) की दो सीटों के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सुप्रीमो के नामांकन पत्रों को नैतिक आधार और तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के आधार पर खारिज कर दिया।

इमरान खान के वकील ने बुधवार को लाहौर और मियांवाली के लिए उनके नामांकन पत्रों को खारिज करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले को चुनौती दी। खान ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ने उनके प्रस्तावकों और अनुमोदकों के उन निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित नहीं होने पर भी आपत्ति जताई थी, जहां से वह चुनाव लड़ रहे हैं। खान ने कहा, ह्लप्रस्तावक और अनुमोदक दोनों एनए-122 और एनए-89 से संबंधित हैं (और) आरओ की इस आपत्ति का कोई आधार नहीं है।ह्व उन्होंने निर्वाचन अधिकारी के फैसले को रद्द करने और उन्हें उन्हीं दो निर्वाचन क्षेत्रों से 8 फरवरी का चुनाव लड़ने की अनुमति देने के लिए अदालत से गुहार लगाई। इमरान खान अगस्त 2023 से विभिन्न मामलों में अडियाला जेल में बंद हैं।

# एस जयशंकर ने की नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात, द्विपक्षीय संबंध सुदृढ़ करने पर जोर

**काठमांडू।** नेपाल दौरे पर यहां पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की।

दो दिनों के नेपाल भ्रमण पर आज सुबह काठमांडू पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने सबसे पहले नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल से शिष्टाचार मुलाकात की। भारतीय विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति पौडेल ने दोनों देशों के बीच रहे अद्वितीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किए जाने पर जोर दिया।

राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार हमेशा ही नेपाल के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के कारण भी नेपाल भारत की प्राथमिकता में रहता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि नेपाल के साथ जन स्तर से लेकर पौराणिक और आध्यात्मिक संबंध होने के कारण भी भारत के लिए नेपाल एक विशेष स्थान रखता है।



एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड से भी शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने बडे ही गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

अपने भारत भ्रमण के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति बढ़ने की जानकारी देते हुए प्रचण्ड ने कहा कि भारत की नई विद्युत नीति के कारण नेपाल को कम समय में ही अपेक्षा से अधिक आर्थिक फायदा हुआ है। प्रचण्ड ने भारत के साथ मिलकर नेपाल की कई बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।

प्रचण्ड के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की मोदी सरकार का ध्यान सिर्फ समझौते करने में ही नहीं रहता बल्कि समय पर उसका कार्यान्वयन करना भी उद्देश्य रहता है। जयशंकर ने कहा कि नेपाल के विद्युत और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए भारत हमेशा ही तत्पर रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल के चहुंमुखी विकास के लिए भारत हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

# ईरान में जनरल सुलेमानी की बरसी पर दो धमाके में 100 से अधिक लोगों की मौत

**तेहरान/दुबई।** ईरान की राजधानी तेहरान से 820 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित करमान शहर में बुधवार को हुए दो धमाकों में कम से 103 लोगों की मौत हो गई, जबकि 188 घायल हुए हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने इसकी पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में ये धमाके हुए। इस हमले को ईरान में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद सबसे घातक आतंकवादी हमला माना जा रहा है। इस हमले की अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने कहा कि बाद में भागते समय कुछ लोग घायल हुए।

ये धमाके रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कुद्स फोर्स के प्रमुख रहे जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर करमान में उनकी कब्र के करीब आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुआ। ईरान के आंतरिक मामलों के मंत्री अहमद वाहिदी ने सरकारी टेलीविजन को बताया कि पहला धमाका अपराह्न तीन बजे के आसपास हुआ जबकि दूसरा धमाका पहले धमाके के करीब 20 मिनट बाद हुआ। उन्होंने बताया कि दूसरे धमाके में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई।

ईरान के सरकारी टेलीविजन और समाचार एजेंसी ह्यइरनाह्ल ने देश की आपातकालीन सेवाओं के अधिकारियों के हवाले से शुरूआती हताहतों की संख्या की जानकारी दी। बाद में हताहतों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई।

इस्लामिक स्टेट समूह सहित सुन्नी चरमपंथी समूहों ने पूर्व में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं जिनमें शिया-बहुल ईरान में नागरिक मारे गए। हालांकि करमान अपेक्षाकृत शांत रहा है।

ईरान में हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं जिनमें 2022 में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद वृहद पैमाने पर हुए प्रदर्शन शामिल हैं। देश में 1979 की इस्लामी क्रांति के आसपास की उथल-पुथल के दौरान भी निर्वासित समूहों के हमलों का सामना करना पड़ा था। ईरान स्वयं गाजा पट्टी में हमास के साथ-साथ लेबनानी शिया मिलिशिया हिजबुल्लाह और यमन के हुती विद्रोहियों का समर्थन करता है।

सुलेमानी ईरान की क्षेत्रीय सैन्य गतिविधियों के रणनीतिकार थे। ईरानी शासन के समर्थकों के बीच उन्हें एक राष्ट्रीय नायक के रूप में सम्मान दिया जाता है। सुलेमानी के मारे जाने के बाद बड़े पैमाने पर जुलूस निकाले गए थे। 2020 में उनके अंतिम संस्कार में भगदड़ मच गई थी और कम से कम 56 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ईरान मध्य पूर्व में विनाश के सभी तत्वों को एक साथ जोड़ता है'

**तेल अवीव।** संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा कि अयातुल्ला के नेतृत्व वाला ईरान इस्लामी गणराज्य मध्य पूर्व में विनाश के सभी तत्वों को एक साथ जोड़ता है।

वह संयुक्त राष्ट्र में लाल सागर में हौथी खतरे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक को संबोधित कर रहे थे। क्षेत्र में जहाजों के खिलाफ हौथी के हमलों की एक सीरीज के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा बैठक शुरू की गई थी।

राजदूत गिलाद एर्दान ने अपने भाषण में कहा, "समुद्री व्यापार पर हौथी के हमले न केवल बढ़े हैं और न ही वे कोई फैलाव हैं। यह अपने आप जादुई तरीके से नहीं हुआ। यदि कार्रवाई नहीं की गई तो यह वास्तविकता इस क्षेत्र और पूरे विश्व के अंधकारमय भविष्य




की एक झलक है।"

यह एक अराजक मध्य पूर्व की शुरूआत है, जो बाकी दुनिया को अराजकता में धकेल देगी। राजदूत एर्दान ने आगे कहा, "सहयोगियों, यह निश्चित रूप से 'इजरायल समस्या' नहीं है। यह 'मध्य पूर्व की समस्या' भी नहीं है। यह एक वैश्विक समस्या है... बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के पूर्ण रूप से बंद होने से विश्व अर्थव्यवस्था को प्रतिदिन 6 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होगा।'

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहले ही हौथियों को एक आतंकवादी समूह के रूप में स्वीकार कर लिया है। अब समय आ गया है कि उनके और उन्हें हथियार एवं फंड मुहैया कराने वाले सभी लोगों के खिलाफ प्रतिबंध लागू किया जाए।